उज्जैन
गुरुवार
10
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-307
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ इंदौर में 600 दुकानों वाला अपोलो टॉवर को किया सील
7 ▸ महिला एशिया कपः सेमीफाइनल में भारत-बांग्लादेश की भिड़ंत

# लोकायुक्त जांच के बीच कार्यपालन यंत्री के स्थानांतरण की मांग

## पीडब्ल्यूडी में अधिकारियों की पदस्थापना को लेकर उठे सवाल, निष्पक्ष जांच के लिए उज्जैन से बाहर भेजने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच उज्जैन लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। विभाग में पदस्थ अधिकारियों के खिलाफ चल रही जांच और उनके स्थानांतरण को लेकर अब नई चर्चा शुरू हो गई है। आरोप है कि कानीपुरा-तराना-पंथ मार्ग से जुड़े जांच प्रकरण में कार्यपालन यंत्री अजय यादव का नाम भी सामने आया है। ऐसे में मांग की जा रही है कि जांच प्रभावित न हो, इसके लिए उन्हें भी उज्जैन से बाहर स्थानांतरित किया जाए।

मामले में गणेश पटेल के उज्जैन से इंदौर पीआईयू स्थानांतरण का हवाला दिया जा रहा है। पूर्व में प्रकाशित खबरों में पटेल के खिलाफ विभिन्न जांच एजेंसियों में प्रकरण लंबित होने का उल्लेख किया गया था। इसके बाद उनके स्थानांतरण को लेकर सवाल उठे थे। अब इसी आधार पर यह मांग की जा रही है कि जिन अन्य अधिकारियों के खिलाफ जांच प्रकरण लंबित हैं, उन्हें भी जांच पूरी होने तक संबंधित जिले से बाहर पदस्थ किया जाए।






### रिकॉर्ड और जमीनी स्थिति की जांच की मांग

मामले में मांग की जा रही है कि कानीपुरा-तराना-पंथ मार्ग सहित संबंधित निर्माण कार्यों की तकनीकी गुणवत्ता, स्वीकृति, भुगतान, कायार्देश और निर्माण की वास्तविक स्थिति की जांच की जाए। साथ ही जिन अधिकारियों की भूमिका जांच के दायरे में है, उनके कार्यकाल के दौरान लिए गए निर्णयों और विभागीय रिकॉर्ड का भी परीक्षण किया जाए। सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि यदि किसी अधिकारी के खिलाफ जांच चल रही है तो उसे जांच से जुड़े उसी क्षेत्र में पदस्थ रखने का औचित्य क्या है? निष्पक्ष जांच के लिए स्थानांतरण एक प्रशासनिक विकल्प हो सकता है, जिससे किसी अधिकारी पर पूर्वाग्रह का आरोप भी न लगे और जांच की विश्वसनीयता भी बनी रहे।

### सरकार से स्पष्ट कार्रवाई की अपेक्षा

अब मांग की जा रही है कि शासन पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए लंबित जांचों की स्थिति स्पष्ट करे। जिन अधिकारियों के खिलाफ जांच प्रचलित है, उनकी वर्तमान पदस्थापना की समीक्षा की जाए और आवश्यकता होने पर उन्हें जांच पूरी होने तक अन्य जिले या संभाग में पदस्थ किया जाए।
हालांकि किसी अधिकारी के खिलाफ जांच चलना अपने आप में दोष सिद्ध होना नहीं है, लेकिन जांच की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना शासन की जिम्मेदारी है। सिंहस्थ-2028 जैसे बड़े आयोजन के मद्देनजर लोक निर्माण विभाग में जवाबदेही और पारदर्शिता को लेकर उठ रहे सवालों का स्पष्ट जवाब सामने आना जरूरी है।

**जांच प्रभावित होने की आशंका-** आरोप लगाने वालों का कहना है कि कानीपुरा-तराना-पंथ मार्ग से संबंधित मामले में यदि संबंधित अधिकारी उसी स्थान पर पदस्थ रहते हैं जहां विभागीय रिकॉर्ड, दस्तावेज और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपलब्ध हैं, तो निष्पक्ष जांच को लेकर सवाल खड़े हो सकते हैं। हालांकि इन आरोपों की अंतिम पुष्टि जांच के निष्कर्ष के बाद ही होगी, लेकिन निष्पक्षता बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को जांच अवधि में अन्यत्र पदस्थ करने की मांग की जा रही है।
**लोकायुक्त कार्रवाई को लेकर भी सवाल-** उज्जैन लोक निर्माण विभाग में कई अधिकारियों के खिलाफ लोकायुक्त एवं अन्य जांच एजेंसियों की कार्रवाई या जांच प्रचलित होने का दावा किया जा रहा है। आरोप है कि कुछ मामलों में शासन से अभियोजन स्वीकृति की प्रक्रिया भी लंबित है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि यदि किसी अधिकारी के खिलाफ गंभीर जांच चल रही है तो जांच पूरी होने तक उसकी पदस्थापना उसी स्थान पर क्यों रखी जाए।

### सिंहस्थ की तैयारियों के बीच उठे सवाल

- उज्जैन में सिंहस्थ-2028 को लेकर बड़े पैमाने पर सड़क, पुल, बायपास और अन्य अधोसंरचना कार्य किए जा रहे हैं। हाल के महीनों में उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन परियोजना को लेकर भी बड़ी घोषणाएं और भूमिपूजन हुए हैं। ऐसे समय में लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली और अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर उठने वाले सवालों को गंभीरता से देखा जा रहा है।
- मांग उठाने वालों का कहना है कि प्रदेश सरकार सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर लगातार समीक्षा कर रही है और करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। ऐसे में जिन अधिकारियों के खिलाफ जांच लंबित है, उनकी पदस्थापना को लेकर पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है।



## नेहा कक्कड़ ने रियलिटी शोज के 'फेक' होने के दावों को किया खारिज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर नेहा कक्कड़ ने सिंगिंग रियलिटी शोज के स्क्रिप्टेड होने के दावों को पूरी तरह से नकार दिया है। सुनिधि चौहान समेत कई कलाकारों द्वारा रियलिटी शोज पर उठाए गए सवालों पर अपनी बात रखते हुए नेहा ने कहा कि इन शोज में दिखाई जाने वाली कहानियां बिल्कुल सच्ची होती हैं। टीआरपी और शो पर कही यह बात मीडिया से बातचीत के दौरान जब उनसे रियलिटी शोज के स्क्रिप्टेड होने और टीआरपी में आई गिरावट पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि उनके शो छोड़ने के बाद टीआरपी में बदलाव आया है। सुनिधि चौहान के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए नेहा ने कहा, लोग अक्सर कहते हैं कि अंगूर ना मिले तो खट्टे होते हैं, यह बात यहां भी बिल्कुल सटीक बैठती है। नेहा कक्कड़ ने स्पष्ट किया कि शोज में प्रतिभागियों का संघर्ष कोई बनाई हुई कहानी नहीं होता। उन्होंने कहा, हम में से ज्यादातर लोग छोटे शहरों और साधारण परिवारों से आते हैं। मैंने खुद शुरूआती दिनों में काफी संघर्ष देखा है। जब किसी कंटेस्टेंट की कठिन परिस्थितियों की कहानी सामने आती है, तो भावुक होना स्वाभाविक है।

## देश

- चुनावी फंडिंग में बीजेपी ने सबको पछाड़ा, 1,473 करोड़ मिले, कांग्रेस से 7 गुना ज्यादा रकम
- आकाश आनंद की वापसी पर मायावती की बड़ी शर्त, ससुर अशोक सिद्धार्थ को राजनीति से लेना होगा संन्यास
- भारत ने स्वदेशी महासागर अनुसंधान पोत सागर मंथन किया लॉन्च, गहरे समुद्र की खोज को मिलेगा नया आधार
- भारत ने नेपाल के लिए 8वीं राहत खेप भेजी: 35 टन राहत सामग्री काठमांडू पहुंची; बाढ़ में अब तक 1367 शव बरामद
- गांधीनगर में निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा गिरा, 15 मजदूर घायल, रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा; चश्मदीद बोले- स्लैब का वजन 100 टन से ज्यादा था
- आतंकियों ने फिर भेजी कश्मीरी पंडितों को धमकी भरी चिट्ठी: 6000 कर्मचारियों में डर, दफ्तर नहीं जा रहे; शाम से पहले ही घरों मे कैद हो रहे
- स्टालिन बोले-सीएम विजय रील से जनता को गुमराह कर रहेः सिनेमा की तरह चला रहे प्रशासन; विजय ने विधानसभा में जबड़े पर किया था इशारा

## विदेश

- माल्या बोले- ब्रिटेन छोड़ने पर रोक, भारत कैसे लौटूं, सोचता हूं कॉकरोच बन जाऊं, 10 साल से लंदन में, बैंकों के करीब 9,000 करोड़ रुपये के कर्जदार
- ट्रम्प बोले-मिडटर्म-चुनाव जीते तो हर बालिग को 5000 डॉलर देंगे, दोनों सदनों में रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत की शर्त, रकम अमेरिका में ही खर्च करनी होगी
- बांग्लादेश सेना का चीनी टैंक फायरिंग अभ्यास में फटा, 2 सैनिकों की मौत, एक अधिकारी गंभीर, हादसे की वजह अभी साफ नहीं
- जर्मनी में पहली बार कट्टर दक्षिणपंथी दल चुनाव जीता, पार्टी समलैंगिक शादियों के खिलाफ, लेकिन इसे लीड कर रहीं एलिस खुद लेस्बियन, पार्टनर श्रीलंका से

## व्यापार

- विदेश से पेमेंट लेना होगा आसान, जियो पेमेंट सॉल्यूशंस ने शुरू की क्रॉस बॉर्डर भुगतान सेवा
- ओपनएआई का 90 साल पुरानी गणित पहेली सुलझाने का दावा, यह दुनिया के 7 सबसे मुश्किल सवालों में एक, 88 घंटे में जवाब ढूंढा
- शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार, सेंसेक्स 74800 और निफ्टी 23450 पर, बैंकिंग और एनर्जी शेयर्स में ज्यादा खरीदारी
- चांदी 1,423 रु. बढ़कर 2.35 लाख किलो पर पहुंचीः सोना 409 महंगा होकर 1.53 लाख का 10 ग्राम हुआ, आगे और बढ़ सकते हैं दाम

## कार्टून..




# कोर्ट में मामला, फिर भी बायपास और उज्जैन-जावरा फोरलेन का काम शुरू

## सिंहस्थ से पहले काम पूरा करने की कवायद, मुआवजा दर के विरोध में ग्रामीण हाईकोर्ट जाने की तैयारी में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 से पहले सड़क परियोजनाओं को पूरा करने की कवायद तेज हो गई है। न्यायालय में मामले लंबित होने के बावजूद सिंहस्थ बायपास और उज्जैन-जावरा फोरलेन परियोजना के अटके हिस्सों में निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। विभाग का कहना है कि निर्माण में देरी होने पर सिंहस्थ से पहले परियोजनाओं को पूरा करना मुश्किल हो सकता है।

इधर, परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण और मुआवजा दर पर आपत्ति दर्ज कराने वाले ग्रामीण पीछे हटने के मूड में नहीं हैं। ग्रामीण मामले को उच्च न्यायालय तक ले जाने की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि भूमि और मुआवजे से जुड़े मुद्दों का समाधान होने के बाद ही आगे की प्रक्रिया की जानी चाहिए।

**विभाग ने दिए काम शुरू करने के निर्देश-** कानूनी प्रक्रिया जारी रहने के बीच विभाग की ओर से निर्माण एजेंसियों को अटके हिस्सों में भी काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि दोनों परियोजनाएं सिंहस्थ-2028 की यातायात व्यवस्था और कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण हैं। यदि निर्माण कार्य में और देरी हुई तो समय सीमा में परियोजनाएं पूरी करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

### तीन गांवों में मुआवजा दर को लेकर विरोध



उज्जैन-जावरा फोरलेन के लिए भूमि मुआवजा दर को लेकर घट्टिया क्षेत्र के तीन गांवों के ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें भूमि के बदले निर्धारित मुआवजा दर स्वीकार्य नहीं है। इसी को लेकर विवाद न्यायालय तक पहुंचा है और ग्रामीण अब उच्च न्यायालय में अपनी बात रखने की तैयारी कर रहे हैं।

### एमपीआरडीसी ने कहा- सिंहस्थ से पहले पूरा करना जरूरी

एमपीआरडीसी के संभागीय प्रबंधक विजय सिंह ने बताया कि विभाग ने न्यायालय में अपना पक्ष रखा है। इसके बावजूद सिंहस्थ की समय सीमा को देखते हुए निर्माण कार्य आगे बढ़ाना जरूरी है। जिन हिस्सों में काम रुका हुआ था, वहां भी निर्माण शुरू कराया जा रहा है।
अब एक ओर विभाग सिंहस्थ से पहले सड़क परियोजनाओं को पूरा करने की कोशिश में जुटा है, वहीं दूसरी ओर भूमि अधिग्रहण और मुआवजे को लेकर ग्रामीणों की कानूनी लड़ाई जारी है। ऐसे में आने वाले दिनों में परियोजनाओं की रफ्तार और न्यायालयीन प्रक्रिया दोनों पर नजर रहेगी।

## राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में निर्वाचित होने पर संदीप मेहता का स्वागत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में मंडल अभिभाषक संघ उज्जैन के अभिभाषक संदीप मेहता के निर्वाचित होने पर अभिभाषक संघ उज्जैन द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन कर शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने संदीप मेहता को निर्वाचन पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि वे अधिवक्ताओं के हितों और न्यायिक व्यवस्था से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से राज्य स्तर पर उठाएंगे।

## एनएफआरद्वारा दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मालीगांव

आगामी त्यौहारों के मौसम में यात्रियों की सुविधा और भीड़ को देखते हुए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने दो जोड़ीस्पेशल ट्रेनों के विस्तारित परिचालन का निर्णय है। इनमें ट्रेन संख्या 04008/04007 (आनंद विहार टर्मिनल-जोगबनी-आनंद विहार टर्मिनल) फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 08047/08048 (सांतरागाछी जंक्शन-नाहरलगुन-सांतरागाछी जंक्शन) स्पेशल शामिल हैं। ये स्पेशल ट्रेनें बेहतर कनेक्टिविटी और यात्रा का विकल्प प्रदान करेगी, जिससे यात्रियों को त्यौहारों के मौसम में अपनीसुलभ यात्रा की योजना बनाने में मदद मिलेगी। ये ट्रेनें अपने मौजूदा अनुसूची, समय-सारणी, कोच की संख्या और ठहरावों के साथ चलेंगी। ट्रेन संख्या 04008 (आनंद विहार टर्मिनल-जोगबनी) फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस की सेवाएँ 10 अक्टूबर से 7 नवंबर, 2026 तक 05 फेरों के लिए चलेगी।

## महाकाल से रामलला तक निकलेगी सनातन स्वाभिमान यात्रा

### 20 अक्टूबर को विजयादशमी पर उज्जैन से अयोध्या के लिए यात्रा का शुभारंभ करेंगे दिग्विजय सिंह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विजयादशमी के पावन पर्व पर 20 अक्टूबर 2026 को महाकाल मंदिर उज्जैन से रामलला मंदिर अयोध्या तक सनातन स्वाभिमान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ शिवधाम उज्जैन से होगा और इसका समापन रामधाम अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ किए जाने की बात कही गई है।

यात्रा को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह यात्रा धर्म, आस्था और सामाजिक सद्भाव के उद्देश्य से निकाली जा रही है। उन्होंने सनातन परंपरा में आस्था रखने वाले लोगों से यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने यात्रा के निमंत्रण के साथ जय सियाराम और यतो धर्मस्ततो जया का संदेश भी दिया है। विजयादशमी के दिन महाकाल की नगरी उज्जैन से शुरू होकर अयोध्या तक पहुंचने वाली इस यात्रा को धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सद्भाव से जोड़कर देखा जा रहा है। यात्रा को लेकर आयोजकों की ओर से आगामी दिनों में मार्ग, पड़ाव और अन्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी जारी किए जाने की संभावना है।

# लाइन लॉस का भार, उपभोक्ताओं की जेब पर बढ़ेगा बिजली बिल का बोझ...!

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश में बिजली वितरण कंपनियों के अगले पांच साल के टैरिफ प्रस्ताव ने शहर के भी बिजली उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। कंपनियों द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों के लिए प्रस्तावित अधिक लाइन लॉस को यदि नियामकीय मंजूरी मिलती है, तो उसकी भरपाई का वित्तीय दबाव अंततः बिजली उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है।

यही वजह है कि टैरिफ निर्धारण की सुनवाई में उपभोक्ताओं और उद्योग जगत ने लाइन लॉस के प्रस्तावित मानकों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सवाल उठाया है कि वितरण व्यवस्था को आधुनिक बनाने और स्मार्ट मीटर लगाने पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद बिजली के नुकसान का भार उपभोक्ताओं की जेब पर क्यों डाला जाए।

आपत्तिकताओं ने आशंका जताई है कि इसका असर आने वाले वर्षों में बिजली दरों पर पड़ सकता है और 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का दबाव बन सकता है। हालांकि, यह अभी केवल संभावित दबाव है, अंतिम दर वृद्धि नहीं। अंतिम निर्णय मध्यप्रदेश विद्युत विनियामक आयोग द्वारा आपत्तियों और प्रस्ताव के परीक्षण के बाद लिया जाएगा।

मध्यप्रदेश विद्युत विनियामक आयोग की सुनवाई में बिजली मामलों के जानकार राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि लाइन लॉस पर नियंत्रण वितरण कंपनियों की जिम्मेदारी है। यदि अधिक लाइन लॉस को मानक के रूप में स्वीकार किया जाता है तो उसकी लागत का असर अंततः बिजली उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है।

कंपनियों के पांच वर्षीय प्रस्ताव के अनुसार वर्ष 2027-28 में ईस्ट डिस्कॉम के लिए लाइन लॉस 23 प्रतिशत, सेंट्रल डिस्कॉम के लिए 24.50 प्रतिशत और वेस्ट डिस्कॉम के लिए 12.20 प्रतिशत प्रस्तावित किया गया है। आपत्तिकताओं ने इन मानकों को मंजूरी नहीं देने की मांग की है।

### स्मार्ट मीटरिंग के बाद भी नुकसान पर सवाल

सुनवाई में आरडीएसएस योजना के तहत बिजली वितरण व्यवस्था के आधुनिकीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने पर हो रहे निवेश का भी उल्लेख किया गया। सवाल उठाया गया कि तकनीकी सुधार और स्मार्ट मीटरिंग के बावजूद यदि लाइन लॉस अपेक्षित स्तर तक नहीं घटता है तो उसका वित्तीय भार नियमित रूप से बिल चुकाने वाले उपभोक्ताओं पर क्यों डाला जाए। आपत्तिकताओं ने बिजली दरों पर 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी के संभावित दबाव की आशंका जताई है। हालांकि यह अभी अंतिम दर वृद्धि नहीं है। आयोग आपत्तियों और सुझावों पर विचार करने के बाद अंतिम नियामकीय मानक और टैरिफ तय करेगा। प्रस्तावित नई नियंत्रण अवधि अप्रैल 2027 से मार्च 2032 तक रहेगी।

# श्रीनाथजी चौराहे से महाकाल तक मार्ग चौड़ीकरण का टेंडर स्वागत योग्य

## 180 दिन में काम पूरा करने के लिए चार हिस्सों में बांटकर निर्माण कराने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्रीनाथजी चौराहे से गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा होते हुए महाकाल चौराहे तक मार्ग को 20 मीटर यानी करीब 66 फीट चौड़ा करने के लिए जारी टेंडर को आचार्य तुलसी खत्री ने स्वागत योग्य कदम बताया है। उन्होंने कहा कि टेंडर 6 अगस्त को खोला जाना है और कार्य पूर्ण करने की अवधि 180 कार्य दिवस निर्धारित है। सिंहस्थ-2028 को देखते हुए समय का अभाव है, इसलिए निर्माण कार्य को चार हिस्सों में विभाजित कर एक साथ शुरू कराया जाना चाहिए।

उन्होंने प्रस्ताव दिया कि पहला चरण श्रीनाथजी चौराहे (ढाबा रोड) से गोपाल मंदिर तक, दूसरा गोपाल मंदिर से नागेश्वर मंदिर चौराहे तक, तीसरा नागेश्वर मंदिर से गुदरी चौराहे तक तथा चौथा गुदरी चौराहे से महाकाल चौराहे तक रखा जाए। उनके अनुसार इस तरह अलग-अलग हिस्सों में समानांतर काम शुरू होने से 180 कार्य दिवस में परियोजना पूरी करने की संभावना बढ़ेगी।

**प्रमुख चौराहों का भी हो विकास-** खत्री ने कहा कि मार्ग चौड़ीकरण के साथ इसके प्रमुख चौराहों का सुनियोजित एवं भव्य विकास भी जरूरी है। उन्होंने श्रीजी चौराहा, लखेरवाड़ी-मगरमुंहा चौराहा, नागेश्वर मंदिर-मोदी की गली चौराहा, व्यायामशाला की गली-पुराना सराफा स्कूल चौराहा, गुदरी चौराहा, 24 खंबा टंकी चौराहा तथा महाकालेश्वर चौराहे को विकसित करने की योजना बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह मार्ग महाकाल मंदिर का प्रमुख संपर्क मार्ग है और सिंहस्थ के दौरान यहां श्रद्धालुओं का भारी दबाव रहेगा। ऐसे में चौराहों का विकास यातायात एवं श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### श्रीजी चौराहे की चौड़ाई पर भी उठाया सवाल

खत्री ने श्रीजी चौराहे के विकास कार्य को लेकर कहा कि वर्तमान में प्रस्तावित चौड़ाई मार्ग पर संभावित यातायात दबाव के अनुपात में कम प्रतीत होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि चौराहे का रेडियल सर्कल कम से कम 150 फीट रखा जाना चाहिए, ताकि भविष्य में बढ़ने वाले यातायात को देखते हुए पर्याप्त जगह उपलब्ध रहे।
उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मार्ग चौड़ीकरण के साथ ही सभी प्रमुख चौराहों का दीर्घकालिक यातायात दबाव, श्रद्धालुओं की संख्या और सिंहस्थ की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन तैयार किया जाए।
आचार्य तुलसी खत्री, संस्थापक एवं पूर्व प्रवक्ता-भारतीय जनता पार्टी तथा पूर्व अध्यक्ष-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कहा कि समयबद्ध और चरणबद्ध तरीके से काम कराया गया तो यह मार्ग सिंहस्थ के साथ-साथ आने वाले वर्षों में भी उज्जैन की यातायात व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

## खबर एक नजर...

### लायंस क्लब उज्जयिनी ने किया शिक्षा व कला जगत की विभूतियों का सम्मान

**उज्जैन।** शिक्षक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब उज्जयिनी द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा, कला और संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों और विशिष्ट विभूतियों का शॉल, श्रीफल और सम्मान पत्र देकर अभिनंदन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से तीन विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया गया। इनमें माधव महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक और 80 से अधिक पुस्तकों के रचयिता डॉ. हरिसिंह कुशवाह, नृत्यकला व प्रभावी मंच संचालन के लिए पहचानी जाने वाली शिक्षा विभाग की सेवानिवृत्त व्याख्याता डॉ. पद्मजा रघुवंशी तथा युवा संगीतकार व प्रशिक्षक पीयूष जोशी शामिल रहे। युवा संगीतकार पीयूष जोशी राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय और मुंबई स्थित सारेगामा एकेडमी से शिक्षा प्राप्त कर शर्मा बंधु म्यूजिक एकेडमी में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। मुख्य अतिथि व वक्ता डॉ. हरिसिंह कुशवाह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए युवाओं के चरित्र निर्माण, राष्ट्रप्रेम, आत्मविश्वास और सेवा भावना के महत्व पर प्रकाश डाला। क्लब अध्यक्ष अरविंद गुमास्ते ने स्वागत भाषण में समाज व राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को रेखांकित किया। सचिव पवन दाभाड़े, कोषाध्यक्ष वी.के. श्रीवास्तव और संयोजक डॉ. रविन्द्र नागदेव ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए। समारोह में शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में सक्रिय लायन सदस्यों का भी अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मान किया गया। इनमें सेवानिवृत्त प्राचार्य रमेश नागर, सेवानिवृत्त प्राचार्य वी.के. श्रीवास्तव, राष्ट्रीय स्तर के तैराकी निर्णायक दिलीप जोशी, सेवानिवृत्त व्याख्याता ललित ज्वैल, शासकीय महाविद्यालय महीदपुर के व्याख्याता डॉ. रविन्द्र नागदेव और भारतीय मानक ब्यूरो के प्रशिक्षक भूषण नाईक शामिल रहे। इसी क्रम में लायनेस सदस्यों का भी मोती की माला और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर महिलाओं ने खुद बनाए मिट्टी के गणपति




**उज्जैन।** आगामी गणेश चतुर्थी पर्व को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से बुधवार 9 सितंबर को पंजाबी महिला समाज समिति द्वारा मिट्टी के गणपति बनाने की निशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में समिति की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने हाथों से मिट्टी की आकर्षक गणेश प्रतिमाएं बनाईं। दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक चली इस कार्यशाला में अनुभवी प्रशिक्षक नीता अग्रवाल ने महिलाओं को इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बचाने और मिट्टी के गणपति अपनाने के प्रति जागरूकता लाना था। इस अवसर पर पंजाबी महिला समाज समिति की अध्यक्ष शुभ्रा जुल्का, सचिव ऋतु टंडन और कोषाध्यक्ष मंजू कपिल सहित समिति सदस्य सीमा छाबड़ा, संगीता कपिल, रजनी सेठ, शीतल भोला, ममता कक्कड़ और बॉबी अरोड़ा उपस्थित रहीं। सभी ने कार्यशाला में प्रतिमा निर्माण की कला सीखी और प्रकृति से प्रीति का संदेश दिया।

### शक्कर व्यापारियों को तय सीमा में ही स्टॉक रखने के सख्त निर्देश

**उज्जैन।** उचित मूल्य पर चीनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और म.प्र. चीनी नियंत्रण आदेश 2026 के क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन ने उज्जैन जिले के पंजीकृत शक्कर व्यापारियों एवं प्रोसेसर एसोसिएशन के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में थोक उपभोक्ताओं एवं डीलरों को निर्देश दिए गए कि वे चीनी का भंडारण निर्धारित समयावधि और तय सीमा के अनुसार ही करें। शक्कर व्यापारी एसोसिएशन ने प्रशासन को अवगत कराया कि चीनी नियंत्रण आदेश 2026 का पालन करते हुए भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर स्टॉक घोषित किया जाएगा। सभी प्रतिष्ठानों पर खाद्य विभाग से सत्यापित स्टॉक रजिस्टर रखा जाएगा, जिसमें प्रतिदिन की आवक व जावक का नियमानुसार रिकॉर्ड दर्ज होगा। कालाबाजारी रोकने और पारदर्शिता के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा शक्कर प्रतिष्ठानों का नियमित औचक निरीक्षण किया जा रहा है। विगत एक सप्ताह में बेमिसाल बेकरी, ए-वन बेकरी, फेमस कुल्फी, झुलेलाल बेकरी, एप्पल बेकरी, बाफना स्वीट्स और नरवराली सुपारी आदि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। विभाग के अनुसार यह कार्रवाई शासन के निर्देशानुसार निरंतर जारी रहेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला खाद्य विभाग के अधिकारियों के अलावा शक्कर एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय रोहेरा, संतोष अग्रवाल, दीपक गुप्ता सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

### छात्रों की गूंज, युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने का लिया संकल्प

**उज्जैन।** जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में महानंदा नगर के वार्ड 51 और 53 में छात्रों की गूंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं युवाओं से सीधा संवाद किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा साथियों और आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं और अधिकारों पर चर्चा की गई तथा 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत मौके पर ही युवाओं के रजिस्ट्रेशन करवाए गए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को संगठन से जोड़ते हुए कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने आश्वस्त किया कि युवाओं की आवाज को लगातार बुलंद किया जाएगा और छात्रों के अधिकारों की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।

### प्रथमेश गणेश ने सतयुग ,त्रेतायुग, द्वापर युग मे भी पृथक पृथक नाम से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई

# गणेशजी की सवारी शेर और मयूर भी हैं, हर युग मे वाहन अलग

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ पं राहुल शुक्ल, उज्जैन

प्रथमेश गणेश ने सतयुग ,त्रेतायुग, द्वापर युग मे भी पृथक पृथक नाम से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और हर युग मे उनके वाहन अलग रहे हैं। आमतौर पर गणेशजी का वाहन चूहे ( मूषक) को ही माना जाता है किन्तु गणेशजी का वाहन सिंह और मयूर भी रहे हैं।

गणेशपुराण के क्रीडाखंड में सतयुग के महोत्कट विनायक का सुन्दर वर्णन मिलता है। महोत्कट रूप मे गणेशजी को अति तेजस्वी व विशाल शरीर वाला पराक्रमी बताया गया है। महोत्कट रूप मे विघ्नहर्ता की दस भुजाएं हैं और प्रत्येक भुजा मे भिन्न शस्त्र हैं। भगवान की सवारी शेर है। ये रूप गणेशजी ने तब धारण किया था जब दैत्य देवांश व नरांतक के अत्याचार बहुत अधिक हो गए थे। महोत्कट ने दोनो असुरों का संहार किया और पुनः शांति व न्याय की स्थापना की । एक अन्य धार्मिक ग्रंथ मुद्गल पुराण के अनुसार मत्सरासुर राक्षस के संहार के लिए भगवान ने वक्रतुण्ड अवतार लिया जिसमे उनका वाहन सिंह बताया गया है।



#### मूर्तिकला ग्रंथ अनुसार 29वा रूप

मूर्तिकला के प्रसिद्ध ग्रंथ तत्वनिधि मे गणेशजी के 32 मंगलकारी स्वरूपों का उल्लेख है जिसमे 29 वे क्रम का रूप सिंह गणपति का है जो निडरता,अदम्य साहस,शक्ति व आत्मविश्वास को इंगित करता है।

#### गुजरात मे है सिंहारूढ गणेश मंदिर

गुजरात के शहर राजकोट के पास ढांक गांव का गणेश मंदिर बहुत प्रसिद्ध है। मंदिर मे स्थापित मूर्ति महोत्कट रूप को ही दशार्ती नजर आती है जिसमें गणेशजी सिंह पर आसीन हैं। यहां देश विदेश से श्रद्धालु अपनी परेशानी पत्र मे लिखकर गणेशजी के चरणों मे रखते हैं और उनकी समस्याओं को गणेशजी हल कर देते हैं ऐसा विश्वास व आस्था चली आ रही है।

#### सिंहारूढ गणेश प्रतिमा बाजार में

शहर मे जन्माष्टमी के दिन से ही गणेश प्रतिमा की कुछ दुकानें नजर आ रही हैं। नए शहर के टावर के समीप सुन्दर परिधान धारण किए हुए विभिन्न गणेश प्रतिमा आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। वहीं दूसरी ओर आगर रोड पर भी सामाजिक न्याय परिसर मे विभिन्न आकार की प्रतिमाएं विक्रय हेतु उपलब्ध हैं। विस्मय का विषय बना हुआ है शेर पर आसीन गणेशजी की प्रतिमा पर कम ही लोगों को पता है कि गणेशजी ने सतयुग मे सिंह की सवारी की थी।



### राहुल गांधी के इंदौर दौरे को लेकर उज्जैन कांग्रेस ने कसी कमर

# एक लाख युवाओं को इंदौर ले जाने का लक्ष्य

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

छात्रों और युवाओं की आवाज बनकर जननायक राहुल गांधी जल्द ही 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के तहत संवाद करने इंदौर आ रहे हैं। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय शहर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला ग्रामीण अध्यक्ष व विधायक महेश परमार की अध्यक्षता में लगातार तीन घंटे तक मैराथन बैठक हुई। कांग्रेस ने इस आयोजन में उज्जैन से एक लाख युवाओं को ले जाने का लक्ष्य रखा है।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक महेश परमार ने कहा कि आज देश में जिस तरह से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है और छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट की जा रही है, उससे पूरा देश स्तब्ध है। राहुल गांधी युवाओं की इसी गूंज को सुनने और उनसे सीधा संवाद करने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूरे जिले में युवाओं के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है और उनमें जबरदस्त उत्साह है।



#### लगातार तीन घंटे तक मैराथन बैठक हुई

ग्रामीण संगठन महासचिव राजेन्द्र व्यास ने बताया कि बैठक में विधायक दिनेश जैन बॉस, पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर, जिला प्रभारी चंदर सिंह सोंधिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि रॉय, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अहम बैठक में जिले के सभी वरिष्ठ ग्रामीण नेता, मंडलम अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। इनमें इंगोरिया ब्लॉक अध्यक्ष मोहनसिंह पलदुना, बडनगर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मधुसुदन भारद्वाज, बडनगर शहर अध्यक्ष रईस कुरेशी, भाटपचलाना ब्लॉक अध्यक्ष अनोखीलाल राठौर, खाचरोद ब्लॉक अध्यक्ष जीवन पाटीदार, नागदा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम चंद्रवंशी, नागदा शहर अध्यक्ष लोकेश चौहान, महिदपुर रोड ब्लॉक अध्यक्ष भरत शर्मा, महिदपुर ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश बगाना, महिदपुर शहर अध्यक्ष सगीर बैग, झारडा ब्लॉक अध्यक्ष कमलसिंह चौहान, माकडोन शहर अध्यक्ष मनीष शर्मा, माकडोन ब्लॉक अध्यक्ष निहालसिंह गुर्जर, तराना ब्लॉक अध्यक्ष कप्तानसिंह पंवार, तराना शहर अध्यक्ष महेश रावल, कायथा ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश पाण्डेय, घटिया ब्लॉक अध्यक्ष लोकेन्द्रसिंह पंवार, उन्हेल ब्लॉक अध्यक्ष शंकर पटेल, उन्हेल ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू कुरेशी, उज्जैन ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष उमेश वर्मा, पानबिहार ब्लॉक अध्यक्ष पदमसिंह पटेल और ताजपुर ब्लॉक अध्यक्ष गफ्फार पटेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। बैठक का संचालन हेमंत जोहरी ने किया।

### सड़क चौड़ीकरण में खड़े हनुमान जी की प्रतिमा हटाने का कांग्रेस ने किया विरोध



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र खड़े हनुमान जी की प्रतिमा हटाने की प्रशासन की योजना के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रशासन की हठधर्मिता का विरोध करते हुए विधायक महेश परमार, पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी सहित सैकड़ों कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता राम धुन गाते हुए खड़े हनुमान मंदिर पहुंचे। दिनेश जैन बॉस और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में कार्यकर्ता भगवा ध्वज और ढोल-धमाकों के साथ कांग्रेस कार्यालय से कंठाल होते हुए मंदिर पहुंचे। संगठन मंत्री अजय राठौर ने बताया कि मंदिर पहुंचकर नेताओं ने भगवान श्री हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजन कर उन्हें श्रीफल भेंट किया। इसके पश्चात सभी नेताओं और भक्तों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी परिवार ने विधायकों और शहर अध्यक्ष का स्वागत किया। दर्शन के दौरान वहां मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कांग्रेस नेताओं से आग्रह किया कि किसी भी स्थिति में हनुमान जी महाराज की प्रतिमा को इस स्थान से नहीं हटाया जाना चाहिए।

# शहर के बाजारों मे बप्पा की धूम...





**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन मे उत्सव व पर्वों की गूंज निरंतर बनी रहती है। शहर के मुख्य व्यापारिक केन्द्र फ्रीगंज के टावर चौक पर विघ्नहर्ता की मोहक मूर्तियां जन्माष्टमी से ही विक्रय हेतु रखी गई हैं। विभिन्न आकार की सुन्दर मूर्तियों मे बप्पा के भिन्न भिन्न रूप देखने को मिल रहे हैं। कुछ मूर्तियों मे बप्पा अर्धचन्द्र पर आसीन हैं तो कुछ में कमल के फूल पर और कुछ में रत्नजडित सिंहासन पर। इसके अलावा गणेशजी की सिंहारूढ, मयूर पर बैठे हुए और मूषक पर आसीन प्रतिमाएं भी सभी का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। गणेश चतुर्थी से काफी पहले ही मूर्तियां बाजार की रौनक मे चार चांद लगाती हुई प्रतीत हो रही हैं।

गणेश प्रतिमाओं को विभिन्न तरह की पगडी और रंगबिरंगी पोशाक पहनाकर विक्रय हेतु रखा गया है। पगडी व पोशाक में बप्पा की मोहिनी हर व्यक्ति का ध्यान खींच रही हैं।

### तकनीकी बदलावों के साथ खुद को अपडेट रखें फोटोग्राफर

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

उज्जैन फोटोग्राफर्स एवं वीडियोग्राफर्स सोसाइटी द्वारा मिलन समारोह एवं सोनी कैमरा फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में उज्जैन सहित आसपास के क्षेत्रों से 100 से अधिक फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. रवि सोलंकी ने फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के क्षेत्र में लगातार हो रहे तकनीकी बदलावों के साथ स्वयं को अपडेट रखने और नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वर्कशॉप के दौरान विशेषज्ञों द्वारा सोनी कंपनी के कैमरों की आधुनिक तकनीक, फोटोग्राफी के नए तरीकों और कैमरा फीचर्स के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से संवाद कर कैमरा तकनीक से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझा और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। आयोजन में सोसाइटी के संस्थापक हिरदेश गुरु, अध्यक्ष प्रतीक भावसार, अजय कश्यप, आयुष परमार, रोहित चंदेल, मृत्युंजय सिंह हाड़ा, शुभम हरियाल, राजेश पांचाल, राजेश राठौर, निशिकांत ताम्रकार और रोमेश सिंह सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

### पंडित कमल किशोर नागर को धमकी भरा पत्र, नागर समाज ने सौंपा ज्ञापन

# निष्पक्ष जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

प्रसिद्ध कथावाचक पंडित कमल किशोर जी नागर को प्राप्त धमकी भरे पत्र के मामले में नागर समाज में आक्रोश है। मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर धमकी देने वाले व्यक्ति अथवा व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को श्री हाटकेश्वर धाम न्यास, हरसिद्धि की पाल एवं मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद, शाखा उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन का वाचन श्री हाटकेश्वर धाम न्यास के सचिव संतोष जोशी एवं मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद शाखा उज्जैन के अध्यक्ष विजय शर्मा ने उप पुलिस अधीक्षक के समक्ष किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की। मीडिया से चर्चा में संतोष जोशी, विजय शर्मा एवं दिनेश शर्मा ने कहा कि पंडित कमल किशोर नागर को मिला धमकी भरा पत्र गंभीर विषय है। इसकी हर पहलू से जांच होना आवश्यक है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से पत्र की जांच कर इसके पीछे शामिल व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का पता लगाने तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने की मांग की। समाजजनों ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े प्रतिष्ठित संत को इस प्रकार धमकी मिलना चिंता का विषय है। ऐसे मामलों में समय पर कार्रवाई होने से न केवल दोषियों पर शिकंजा कसेगा, बल्कि समाज में भी सुरक्षा का विश्वास कायम होगा। नागर समाज ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि जांच में किसी प्रकार की देरी न हो और दोषियों को शीघ्र चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर श्री हाटकेश्वर धाम न्यास हरसिद्धि पाल के अध्यक्ष सुरेंद्र मेहता सुमन, रामचंद्र नागर, जगदीश नागर, दिनेश शर्मा (तराना), विकास रावल, युवक परिषद अध्यक्ष अमित नागर, अंकुश त्रिवेदी, परिषद उपाध्यक्ष नरेंद्र नागर, राजीव लोचन नागर, परिषद सचिव डॉ. ललित नागर, डॉ. बालकृष्ण व्यास, संतोष नागर, कृष्णकांत नागर, महेश नागर, दिनेश त्रिवेदी, राजेंद्र नागर, प्रकाश नागर, महेश भट्ट, तेज प्रकाश रावल, आशुतोष मेहता, भुवनेश व्यास, विजय नागर, नवीन त्रिवेदी, महेश त्रिवेदी, विनोद मेहता, मधुसूदन मेहता, मुकेश शर्मा, प्रकाश व्यास, दीप्तेश रावल, शरद नागर, शैलेंद्र नागर, अर्पित रावल, मनीष मेहता एवं संजय जोशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



#### नागर ब्राह्मण परिषद ने उठाई सख्त कार्रवाई की मांग

मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष केदार रावल एवं महासचिव पंडित हेमंत व्यास ने बताया कि परिषद की ओर से इस संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक को ई-मेल के माध्यम से शिकायत एवं ज्ञापन भेजे गए हैं। धमकी देने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों की तत्काल पहचान कर निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। मुख्य मीडिया प्रभारी संदीप मेहता ने बताया कि प्रदेशभर में परिषद की विभिन्न शाखाओं द्वारा भी अपने-अपने जिलों के पुलिस अधीक्षकों को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। ज्ञापनों के माध्यम से गुरुदेव पंडित कमल किशोर नागर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और धमकी के पीछे किसी भी प्रकार की साजिश होने की स्थिति में उसकी गहराई से जांच करने की मांग की गई है।

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### लोडिंग गाड़ी की टक्कर के बाद दो पक्षों में मारपीट, डिंग गाड़ी से टक्कर के बाद विवाद

**इंदौर।** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र के मच्छी बाजार में बुधवार शाम लोडिंग गाड़ी की टक्कर के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई। विवाद में गुरफान कुरैशी, उस्मान कुरैशी और आमिर कुरैशी ने निजाम खान के साथ मारपीट की। घटना में निजाम को चोट आई। वहीं, बाद में हुई मारपीट में दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोटें आई हैं। पुलिस के मुताबिक, लोडिंग गाड़ी की टक्कर के बाद विवाद शुरू हुआ था। आरोप है कि पहले कुरैशी परिवार के लोगों ने निजाम के साथ मारपीट की। इसके बाद निजाम दौड़ते हुए मदद के लिए अपने परिचितों के पास पहुंचा और दूसरे पक्ष के लोगों के साथ भी मारपीट हो गई। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत की। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हफ्ता वसूली के आरोप लगाते रहे और एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस पर दबाव बनाया। अधिकारियों की जांच के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट और लोहे की रॉड व टॉमी से हमला करने की धाराओं में केस दर्ज किया है। दोनों पक्षों का मेडिकल भी कराया गया है।

### इंदौर में डॉक्टर-प्रोफेसरों के बीच विवाद, कुलपति को शिकायत

**इंदौर।** भंवरकुआ पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुप में भाजपा की जीत की बधाई वाली पोस्ट के बाद दो डॉक्टर प्रोफेसरों के बीच हुए विवाद और मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज की है। मामले की शिकायत विभाग के साथ कुलसचिव और कुलपति स्तर पर भी की गई है। पुलिस ने डॉक्टर अंकित शुक्ला की शिकायत पर डॉक्टर मुकेश सोलंकी के खिलाफ केस दर्ज किया है। अंकित ने पुलिस को बताया कि वह डायमंड जुबली पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप कर रहे हैं। उन्होंने डीएवीपी के ऑफिशियल व्हाट्सएप ग्रुप पर भाजपा की चुनावी जीत की बधाई का मैसेज पोस्ट किया था। अंकित के मुताबिक, इसके बाद मुकेश सोलंकी ने उन्हें ग्रुप से बाहर कर दिया। बाद में बातचीत के लिए उन्हें क्लास में बुलाया गया, जहां कथित तौर पर अपशब्द कहते हुए उनके साथ मारपीट की गई। अंकित का आरोप है कि मुकेश ने कार्रवाई करने की धमकी भी दी। इसके बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ कुलसचिव और कुलपति से भी शिकायत की। भंवरकुआ पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकेश सोलंकी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### समूह लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से रुपए ऐंठे

**इंदौर।** एमजी रोड इलाके में एक को-ऑपरेटिव बैंक के कर्मचारी पर समूह लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से रुपए लेने का आरोप लगा है। मामले में संस्था के डायरेक्टर की शिकायत पर एमजी रोड पुलिस ने कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि कर्मचारी ने महिलाओं से लिए रुपए संस्था में जमा नहीं किए और सीधे अपने यूपीआई के जरिए प्राप्त किए। एमजी रोड पुलिस ने बुधवार को शुभ क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के डायरेक्टर भरत जाट की शिकायत पर कर्मचारी पुष्पेंद्र कुमार वर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सोसायटी में महिलाओं को समूह लोन देने का काम किया जाता है। पुष्पेंद्र यहां कलेक्शन एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था। डायरेक्टर को कुछ समय पहले महिलाओं से जानकारी मिली कि पुष्पेंद्र ने उन्हें लोन दिलाने की बात कहकर रुपए लिए हैं। इसके बाद मामले की जानकारी सोसायटी को दी गई। पुलिस के मुताबिक पुष्पेंद्र ने फूलबाई, अलका और मधुबाई नाम की महिलाओं से अलग-अलग रकम ली थी। आरोप है कि यह राशि सोसायटी के खाते में जमा नहीं की गई। महिलाओं ने बैंक पहुंचकर रुपए दिए जाने से संबंधित डिजिटल प्रमाण भी पुलिस को सौंपे हैं। महिलाओं ने पुलिस को बताया कि पुष्पेंद्र ने उनसे सीधे रुपए लिए थे। शिकायत के साथ दिए गए डिजिटल प्रमाणों के अनुसार रकम उसके यूपीआई और फोन-पे के जरिए प्राप्त हुई थी। पुलिस अब इन लेन-देन की भी जांच कर रही है।

### धारदार हथियार से महिला पर हमला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने अस्पताल पहुंचाया

**इंदौर।** बुधवार सुबह पलासिया के पास गीताभवन क्षेत्र में युवक ने महिला के गले पर धारदार हथियार से वार कर दिया। खून से लथपथ महिला को ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने देखा और तत्काल ऑटो रुकवाकर खुद अस्पताल लेकर गए। महिला ने रास्ते में पुलिसकर्मियों से कहा, मुझे बचा लो, मेरी बेटी स्कूल में है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पलासिया टीआई सुरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि गायत्री कनाड़िया के चेतन नगर में रहती है। वह और नीरज तोमर एक-दूसरे को करीब एक साल से जानते हैं। एक दिन पहले दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। इसी विवाद को लेकर गायत्री नीरज की शिकायत करने महिला थाने जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, महिला के थाने पहुंचने से पहले पलासिया चौराहे के पास नीरज ने चाकूनुमा चीज निकालकर गायत्री के गले पर वार कर दिया। इसके बाद नीरज ने खुद को भी घायल कर लिया। दोनों को मयंक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गायत्री का अपने पति से तलाक हो चुका है। ट्रैफिक थाने के सुमत सिंह कछावा ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे वे पलासिया ट्रैफिक थाने से गुजर रहे थे। तभी महिला ने गले पर हाथ रखा हुआ था और उसके गले से खून निकल रहा था। एक युवक भी पास में घायल था। उन्होंने तत्काल ऑटो रुकवाया और महिला को खुद अस्पताल लेकर गए। ऑटो में महिला ने कहा, मुझे बचा लो, मेरी बेटी स्कूल में है। इसके बाद महिला ने चाबी देते हुए कहा कि वह बच नहीं पाएगी।

### गाय चोरी के शक में युवक को पीटा मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र की निरंजनपुर बस्ती में गाय चोरी की शंका में एक युवक को घर से ले जाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। लसूड़िया पुलिस मंगलवार शाम करीब 6 बजे घायल चंदर (35) पुत्र बाबूलाल लोहार निवासी देवास नाका को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची थी। रात करीब 12.30 बजे उसने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में सूरज जाट, रोहित, कुणाल सहित अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में चंदर के परिजनों ने बताया कि रोहित, कुणाल समेत कुछ युवक उसके घर पहुंचे थे। आरोप है कि वे चंदर को यह कहकर अपने साथ ले गए कि उससे सिर्फ बात करनी है। बाद में परिजनों को वह गंभीर घायल हालत में मिला। मामले की शुरूआत गाय और बछड़े के गायब होने की शिकायत से हुई थी। भूरा ने पुलिस को बताया कि पंचवटी गेट पर उसकी दूध डेयरी है। पास के खाली प्लॉट में उसने गाय और बछड़े को बांध रखा था। 7 सितंबर की रात दोनों वहीं बंधे थे, लेकिन अगले दिन वे गायब मिले। भूरा अपने दोस्त बिट्टू यादव के साथ उनकी तलाश में निकला। दोनों को गाय और बछड़ा देवास नाके पर मेट्रो मॉल के पास बंधे मिले। इसी दौरान चंदर से विवाद हुआ। आरोप है कि आसपास मौजूद लोगों ने उसके साथ मारपीट की। बाद में बिट्टू उसे अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक सूरज जाट और उसके भाई लखन पर परदेशीपुरा और एमआईजी थानों

---

फायर सेफ्टी इक्यूपमेंट्स नहीं लगाने पर एक्शन, महीने भर पहले दिया था नोटिस

# इंदौर में 600 दुकानों वाला अपोलो टॉवर को किया सील

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में नगर निगम की टीम ने बुधवार को अपोलो टॉवर को सील कर दिया। यहां करीब 600 दुकानें संचालित होती हैं। नगर निगम ने फायर सेफ्टी नॉर्म्स का पालन नहीं होने पर यह कार्रवाई की। इससे पहले नगर निगम ने एक महीने पहले नोटिस जारी किया था। इसके साथ ही टॉवर पर फ्लेक्स भी लगाए गए थे। एक महीने बाद भी यहां फायर सेफ्टी उपकरण नहीं लगाए गए।

बिल्डिंग ऑफिसर अंकेश बिरथरिया ने बताया कि नगर निगम लगातार शहर में फायर सेफ्टी को लेकर कार्रवाई कर रहा है। बुधवार को भी नगर निगम की टीम ने 56 दुकान के सामने स्थित अपोलो टॉवर को सील करने की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि एक महीने पहले टॉवर प्रबंधन को फायर सेफ्टी के संबंध में सुरक्षा उपकरण इंस्टॉल करने के लिए नोटिस दिया गया था। यहां फ्लेक्स भी लगाए गए थे, जिनमें बताया गया था कि बिल्डिंग फायर सेफ्टी नॉर्म्स के मुताबिक सुरक्षित नहीं है। ऐसे में यहां कभी भी हादसा हो सकता है। नोटिस जारी होने के एक महीने बाद भी यहां फायर सेफ्टी से संबंधित कोई उपकरण नहीं लगाए गए। इसके चलते नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। अपोलो टॉवर में करीब 600 दुकानें संचालित होती हैं।



**अपोलो टावर के अलावा भी यहां पर की निगम ने कार्रवाई-** जोन क्रमांक 9- 10, वाय.एन. रोड स्थित हीरो शोरूम भवन में निर्धारित अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं पाए जाने पर भवन को सील किया गया। जोन क्रमांक 8- प्लॉट क्रमांक 109, ई.सी. में कार्यालय का संचालन किए जाने तथा आवश्यक अग्नि सुरक्षा प्रणाली स्थापित नहीं पाए जाने पर ग्राउंड फ्लोर स्थित कार्यालय को सील किया गया। जोन क्रमांक 17, वार्ड क्रमांक 18 - गौरव रेस्टोरेंट के बेसमेंट को सील करने की कार्रवाई की गई। जोन क्रमांक 15- उषा नगर स्थित केटलजर कोचिंग के प्रशासनिक कार्यालय में निर्धारित फायर सेफ्टी मानकों का पालन नहीं पाए जाने पर कार्यालय को सील किया गया। जोन क्रमांक 10- गोयल नगर स्थित प्लॉट क्रमांक 320 एवं 329 में संचालित हॉस्टल को सील करने की कार्रवाई की गई। जोन क्रमांक 3- पोलो ग्राउंड क्षेत्र में गुरु कृपा ऑफसेट प्रिंटिंग एवं नेमा काड्र्स में पर्याप्त फायर सेफ्टी उपकरण उपलब्ध नहीं पाए जाने पर जोन की टीम द्वारा सीलिंग की कार्रवाई की गई।

**सुरक्षा व्यवस्थाओं का पालन अनिवार्य-** नगर निगम ने स्पष्ट किया गया है कि भवनों में बेसमेंट का उपयोग स्वीकृत भवन अनुज्ञा एवं निर्धारित प्रयोजन के अनुरूप ही किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही प्रत्येक भवन में निर्धारित फायर सेफ्टी एवं स्ट्रक्चरल सेफ्टी मानकों तथा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं का पालन अनिवार्य है।

**कमिश्नर ने कहा- भवन अधिकारी निरंतर निरीक्षण करें-** निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने सभी भवन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बेसमेंट के उपयोग तथा फायर एवं स्ट्रक्चरल सेफ्टी व्यवस्थाओं का निरंतर निरीक्षण करें। स्वीकृत भवन अनुज्ञा के विपरीत उपयोग अथवा निर्धारित सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार तत्काल कार्रवाई करें।

### तीन दिन का मांग रहे थे समय

नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने कहा कि एक महीने का पर्याप्त समय दे चुके थे। नोटिस के बाद भी नगर निगम ने समय दिया गया था, ताकि वे फंड्स जमा कर सके और यहां पर असेसमेंट करके फायर ऑडिट करा के उपकरण इंस्टॉल करा सके, लेकिन यहां पर उन्होंने उपकरण नहीं लगाए। जब टीम यहां पहुंची तो यहां के लोग और तीन दिन का समय मांग कर रहे थे और कार्रवाई के डिले करना चाह रहे थे। मगर उन्हें समझाइश दी और अपोलो टॉवर को सील करने की कार्रवाई की।

### कमिश्नर को देने होगा एफिडेविट

अब इसे खुलवाने के लिए फायर ऑडिट कराने के बाद एफिडेविट नगर निगम कमिश्नर को जमा करना होगा और समय सीमा बताना पड़ेगी। उसके बाद तय होगा कि कितने समय में खोलना है। नगर निगम ने एक दिन पहले भी ग्रेटर वैशाली नगर स्थित लाइब्रेरी, राधिका पैलेस और सुख शांति नगर के बेसमेंट को सील करने की कार्रवाई की थी।

---

बच्चों-माताओं के स्वास्थ्य पर फोकस, मंत्री भूरिया बोलीं- आंगनवाड़ी को समाज से जोड़ें

# इंदौर से 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का आगाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

प्रदेश में 9वें राष्ट्रीय पोषण माह-2026 की शुरूआत बुधवार को इंदौर से हुई। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी थीम के साथ राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया। अभियान 8 अक्टूबर तक चलेगा।

कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी और राज्यसभा सांसद डॉ. कविता पाटीदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मंत्री भूरिया ने कहा कि स्वस्थ बच्चे ही प्रदेश और देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं।

पोषण अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम न बनाकर जनभागीदारी से जनआंदोलन का रूप देने की जरूरत है। आंगनवाड़ी केंद्रों को अभिभावकों, सरपंचों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों और सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं से जोड़ा जाए, ताकि बच्चों के पोषण और सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर वातावरण तैयार हो सके।

स्थानीय खाद्य पदार्थों से पौष्टिक आहार पर जोर

पोषण माह के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री और पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा दिया जाएगा। गर्भवती और धात्री माताओं को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन, स्वच्छता और बच्चों की देखभाल के संबंध में जागरूक किया जाएगा।



अभियान के तहत बच्चों की शारीरिक माप, पोषण संबंधी जागरूकता, पोषण मेले और रेसिपी प्रदर्शनियों सहित विभिन्न गतिविधियां होंगी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने पर भी फोकस रहेगा।

**पोषण मेले में दिखे स्थानीय व्यंजनों के विकल्प-** लता मंगेशकर सभागृह परिसर में लगाए गए पोषण मेले और रेसिपी प्रदर्शनी में टेक होम राशन, गर्म पका भोजन, स्थानीय दालें, चना, मूंगफली, सोया, दूध-दुग्ध उत्पाद, मिलेट्स और मौसमी सब्जियों से तैयार व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया।

### संस्थाओं से हुआ एमओयू

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए एमओयू किए गए। इन संस्थाओं के सहयोग से आंगनवाड़ी केंद्रों की गतिविधियों, बच्चों के स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। मंत्री ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं से स्थानीय जरूरतों के अनुसार नए नवाचार करने और सफल गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करने की अपील की, ताकि दूसरे केंद्र भी उनसे प्रेरणा ले सकें।

---

महू में 300 किलो विस्फोटक चोरी

## गोदाम में विस्फोटक था, सुरक्षा इंतजाम नहीं, अब एसआईटी बनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

बड़गोंदा थाना क्षेत्र के सीतापाट स्थित गोडाउन से 300 किलो विस्फोटक सामग्री चोरी हो गई। चोर खिड़की तोड़कर गोदाम में घुसे और सीधे उसी हिस्से में पहुंचे जहां विस्फोटक रखा हुआ था।

फरियादी सूरज पिता कांतीलाल पाटीदार की शिकायत के अनुसार, 6 सितंबर को बदमाश मैगजीन की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे। उन्होंने नाइट्रेट मिक्सर के तीन बॉक्स (75 किलो), 25 एमएम के 9 बॉक्स (225 किलो) और 375 मीटर डेटोनेटिंग फ्यूज चोरी किए।

रैकी कर चोरी की आशंका के साथ पुलिस विस्फोटक की अवैध बिक्री और रिकॉर्ड में गड़बड़ी के एंगल से भी जांच कर रही है।

चोरों का सुराग लगाने के लिए एसआईटी गठित की गई है। वहीं पुलिस विस्फोटक की क्षमता से अधिक उपयोग और अवैध रूप से बिक्री के संदेह पर भी जांच कर रही है। गंभीर बात यह है कि गोडाउन में विस्फोटक सामग्री का स्टोरेज था। इसके बावजूद यहां सुरक्षा के बंदोबस्त नहीं थे। वारदात करने के लिए बदमाश गोडाउन की खिड़की तोड़कर घुसे थे। इसके बाद बदमाशों ने सीधे विस्फोटक सामग्री वाले हिस्से को निशाना बनाया। वारदात की स्टाइल से पुलिस को आशंका है कि इस मामले में गोडाउन की जानकारी रखने वाला व्यक्ति भी शामिल हो सकता है। पुलिस को संदेह है कि रैकी कर वारदात की गई है।

---

## विधायक हार्डिया बोले- यहां से वोट नहीं मिलते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

काम तो खूब कराता हूं, लेकिन लोग वोट देते नहीं। अपने मन पर हाथ रखकर देखिए जितना काम होता है, उतना ही वोट मिलता है। आप चार वोट दें, आठ वोट दें, जितने वोट आपके मन में हों, दीजिए लेकिन वोट काम के आधार पर होना चाहिए। यह कहना है इंदौर के विधायक महेंद्र हार्डिया का। वे बुधवार को खजराना क्षेत्र के ताज नगर शासकीय उर्दू माध्यमिक विद्यालय परिसर में नए भवन के निर्माण कार्य के शुभारंभ कर रहे थे। मुस्लिम बाहुल्य वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि यह आपकी अपनी पार्टी है, काम करने वाली पार्टी है और काम करने वाले व्यक्ति का साथ देना चाहिए। मेरे सामने कांग्रेस के उम्मीदवार भी हैं और दूसरे उम्मीदवार भी हैं। लेकिन मैं आपसे सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि मैं जितना आपके बीच आता हूं, उतना ही आपके सुख-दुख में शामिल होने का प्रयास करता हूं। कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पार्षद रुबीना खान आदि मौजूद रहे।

---

परिवार के विरोध पर हाई कोर्ट का आदेश, जीवन का फैसला खुद लेने के लिए स्वतंत्र

# 20 साल की युवती ने चुना संन्यास का रास्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने 20 वर्षीय युवती के जैन दीक्षा लेने के फैसले को उसके धार्मिक और मौलिक अधिकार से जुड़ा मामला मानते हुए उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बालिग व्यक्ति को अपनी पसंद के अनुसार धर्म का पालन करने और धार्मिक जीवन अपनाने का अधिकार है। इस अधिकार से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जा सकता।

युवती ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि वह श्वेतांबर जैन धर्म से प्रभावित है और सांसारिक जीवन छोड़कर जैन साध्वी के रूप में दीक्षा लेना चाहती है। हालांकि, उसके माता-पिता और अन्य रिश्तेदार उसके इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। युवती ने आशंका जताई कि परिवार के सामाजिक प्रभाव के कारण उसकी स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है और उसे अपनी धार्मिक इच्छा के अनुसार जीवन अपनाने से रोका जा सकता है। मामले की




सुनवाई जस्टिस संदीप एन. भट्ट की एकल पीठ ने की। कोर्ट ने युवती के माता-पिता की भावनाओं और उनकी पीड़ा के प्रति सहानुभूति जताई, लेकिन साथ ही स्पष्ट किया कि युवती बालिग है और अपने जीवन से जुड़े फैसले खुद लेने के लिए स्वतंत्र है। कोर्ट ने कहा कि किसी बालिग नागरिक को अपनी पसंद के धर्म का पालन करने और धार्मिक जीवन अपनाने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। उसके मौलिक और धार्मिक अधिकारों की रक्षा सर्वोपरि है।

### सुरक्षा के लिए थाने में आवेदन देने के निर्देश

हाई कोर्ट ने युवती को अपनी सुरक्षा के लिए संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष आवेदन देने के निर्देश दिए हैं। थाना प्रभारी को आवेदन मिलने के बाद उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। इस तरह कोर्ट ने युवती के दीक्षा लेने के व्यक्तिगत फैसले में हस्तक्षेप करने के बजाय उसके धार्मिक स्वतंत्रता और सुरक्षा के अधिकार को प्राथमिकता दी।

---

साउथ तोड़ा में नगर निगम की रिमूवल कार्रवाई के दौरान हंगामा

# एडीसीपी को धक्का मारा, पीठ के बल गिरे, 6 को हिरासत में लिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के साउथ तोड़ा में बुधवार को नगर निगम की रिमूवल कार्रवाई के दौरान हंगामा हो गया। भीड़ को हटाने के दौरान पीछे मौजूद एक युवक ने एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल को धक्का दे दिया। इससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे जमीन पर गिर पड़े।

पुलिस ने मौके से 6 लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक सभी के खिलाफ आगे कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की टीम 100 से ज्यादा कर्मचारियों, 3 पोकलेन और 6 जेसीबी के साथ पहुंची थी। सुरक्षा के लिए 80 से ज्यादा पुलिस जवान और अधिकारी तैनात किए गए थे। निगम के मुताबिक 50 शेड और 6 मकानों के अवैध हिस्से हटाए गए।

**कार्रवाई के दौरान 6 लोगों को हिरासत में लिया गया-** एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने



बताया कि रिमूवल कार्रवाई के दौरान 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के लिए 80 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

### सामान निकालने को लेकर महिलाओं से हुई बहस

कार्रवाई के दौरान कुछ महिलाएं पुलिस से सामान बाहर निकालने को लेकर बहस करने लगीं। उनका कहना था कि नोटिस में उन्हें सुबह 9 बजे तक का समय दिया गया है। इसी बात पर विवाद बढ़ा और मौके पर भीड़ जमा हो गई। कई लोग मोबाइल से वीडियो बनाने लगे। हालात को देखते हुए एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल भीड़ को पीछे हटाने लगे। इसी दौरान पीछे मौजूद एक युवक ने उन्हें धक्का दे दिया। संतुलन बिगड़ने से वे जमीन पर गिर पड़े। पुलिस जवानों ने तत्काल युवक को पकड़ लिया। उसके साथ मौजूद एक अन्य युवक समेत कुछ लोगों को भी हिरासत में लिया गया।

### 50 शेड और कुछ मकानों के अवैध हिस्से हटाए गए

निगम अधिकारियों के अनुसार रिमूवल कार्रवाई से पहले संबंधित लोगों को नोटिस जारी किए गए थे। निगम टीम ने टेप से नपती कर चिन्हित अवैध निर्माण हटाए। झोन-11 के झोनल अधिकारी गीतेश तिवारी ने बताया कि साउथ तोड़ा में 50 शेड और कुछ मकानों के अवैध हिस्से हटाए गए हैं। क्षेत्र में आने वाले दिनों में सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का काम प्रस्तावित है। इसी के चलते कार्रवाई की गई।

## आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत की ओर विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला 3का शुभारंभ

**उज्जैन।** कौशल विकास को शिक्षा के पाठ्यक्रमों में समाहित करना समय की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है और इसके माध्यम से देश की शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन हो रहे हैं। महात्मा गांधी ने भी स्वावलंबन की बात कही थी। विद्यार्थी स्वावलंबी बनें, यह शिक्षा संस्थानों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यह विचार शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने अवंतिका विश्वविद्यालय परिसर स्थित व्यास सभागार में व्यक्त किए। वे शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं अवंतिका विश्वविद्यालय, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में ह्यआत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत की ओरह्न विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। ॉ. कोठारी ने कहा कि परंपरागत पाठ्यक्रमों में सैद्धांतिक पक्ष पर अधिक जोर रहा है, जबकि प्रायोगिक पक्ष की भागीदारी बहुत कम है। इसे बदलने की आवश्यकता है। युवा बेरोजगारों की फौज को रोकने के लिए कौशल विकास आधारित शिक्षा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के पाठ्यक्रमों का निर्माण स्थानीय आवश्यकताओं एवं स्थानीय उत्पादों को ध्यान में रखते हुए होना चाहिए। आत्मनिर्भरता केवल रोजगार प्राप्त करने तक सीमित नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना केवल बड़े नगरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि गांवों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी इसके केंद्र में रखना होगा। शिक्षा को स्थानीय संसाधनों, कौशल और उद्यमिता से जोड़कर ही आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है।

## बिना अनुमति कारोबार करने वालों पर कार्रवाई का रास्ता साफ, 7 दिन में अनुमति के दस्तावेज दिखाने होंगे

**जबलपुर।** भोपाल के रिहायशी इलाकों में आवासीय भूखंडों पर चल रहे मॉल, होटल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को कोर्ट ने संबंधित पक्षकारों को निर्देश दिए हैं कि यदि उनके पास आवासीय भूखंड पर व्यावसायिक गतिविधि संचालित करने की वैध अनुमति है, तो उसके दस्तावेज 7 दिन के भीतर भोपाल नगर निगम के समक्ष प्रस्तुत करें। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि तय समय में वैध दस्तावेज पेश नहीं किए गए तो नगर निगम सुप्रीम कोर्ट के राजेंद्र कुमार बड़जात्या (2024) फैसले के अनुसार कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा। सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के बाद हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद रिहायशी क्षेत्रों में बिना वैध अनुमति व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की स्थिति साफ हो गई है। अब संबंधित पक्षों को अपने व्यावसायिक उपयोग की वैध अनुमति साबित करने के लिए दस्तावेज निगम के सामने रखने होंगे। याचिकाकर्ता विवेक त्रिपाठी ने आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि यह रिहायशी इलाकों को बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि अब नगर निगम के सामने कार्रवाई करने के लिए स्पष्ट न्यायिक निर्देश हैं। रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों के कारण ट्रैफिक, पार्किंग, शोर और सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे लोगों को भी कोर्ट के आदेश से कार्रवाई की उम्मीद है। रहवासी लवनीश भाटी ने कहा कि लंबे समय से शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, अब कोर्ट के आदेश के बाद जमीन पर कार्रवाई की उम्मीद है।

## मैहर के गोरसरी पहाड़ी पर पहुंचा कॉलर वाला हाथी

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का कॉलर वाला हाथी मैहर वन मंडल की गोरसरी पहाड़ी तक पहुंच गया है। इसके बाद इळफ प्रबंधन ने उसकी निगरानी बढ़ा दी है। हाथी की सुरक्षा और किसी भी तरह के नुकसान से बचने के लिए बांधवगढ़ से विशेषज्ञ अधिकारी-कर्मचारियों की टीम मैहर पहुंची है। यह टीम लगातार हाथी की गतिविधियों पर नजर रख रही है। जानकारी के अनुसार, बांधवगढ़ का कॉलर नंबर-4 हाथी पहले अनूपपुर से रेस्क्यू करके लाया गया था। तब उसे रेडियो कॉलर पहनाकर जंगल में छोड़ा गया था। खितौली के जंगल में घूमने के बाद यह हाथी जंगल के रास्ते मैहर वन मंडल की गोरसरी पहाड़ी तक पहुंच गया। कॉलर लगा होने के कारण हाथी की लोकेशन लगातार ट्रेस की जा रही है। उसकी निगरानी के लिए बांधवगढ़ से क्षेत्र संचालक, उपसंचालक, सहायक संचालक और तीन रेंजर समेत करीब 26 अधिकारी-कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

## नेपानगर गैस सोसायटी में 763 सिलेंडर गायब

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले के नेपानगर स्थित नेपा प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार में रसोई गैस सिलेंडर का अतिरिक्त शुल्क लेने की शिकायत की जांच में बुधवार को एक बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में कुल 763 खाली सिलेंडर गायब पाए गए हैं। दरअसल, सात नंबर गेट निवासी उपभोक्ता रविंद्र सोनवणे ने कलेक्टर से शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि सोसायटी कई उपभोक्ताओं से होम डिलीवरी के नाम पर शुल्क लेती है, लेकिन सिलेंडर घर नहीं पहुंचाती। उपभोक्ता खुद निजी वाहनों से सिलेंडर ले जाते हैं। सोनवणे ने ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक करने और कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद 19 अगस्त को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गिरीश नागपुरे ने जांच की। फिजिकल वेरिफिकेशन में 14 किलो वाले 730 और 19 किलो वाले 33 खाली सिलेंडर, यानी कुल 763 सिलेंडर कम मिले।

## रतलाम में जहरीली शराब केस में तीन बरी

**रतलाम।** रतलाम में पांच साल पुराने जहरीली और अवैध शराब के मामले में रतलाम कोर्ट ने तीन आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय ने पुलिस की कार्रवाई और विवेचना में कई खामियां मिलने पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रविना चौधरी की कोर्ट ने थाना माणक चौक के मामले में नवनीत चौहान, पवन उर्फ पप्पू राठौर और सोहनलाल उर्फ दादू को मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 49-क के आरोप से दोषमुक्त किया।

### एडवांस पेमेंट के नाम पर ठगी : सत्यापन के बाद ही भुगतान की सलाह

# अलग-अलग नाम से संपर्क करने वालों से रहे सतर्क

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

दाल-बाफले, लड्डू, कैटरिंग, टेंट एवं अन्य आयोजन व्यवस्थाओं के नाम पर एडवांस पेमेंट मांगने वाले एक व्यक्ति को लेकर योगिता हटिया ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने अपने अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को बिना व्यक्तिगत रूप से मिले और उसकी पहचान व पते का सत्यापन किए ऑनलाइन अथवा यूपीआई के माध्यम से भुगतान नहीं किया जाए।

योगिता हटिया के अनुसार कुछ दिन पहले उन्होंने दाल-बाफले, लड्डू आदि बनवाने तथा टेंट और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की थी। पोस्ट में उन्होंने अपना मोबाइल नंबर सार्वजनिक नहीं किया था। इसके बावजूद उन्हें एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने अपना नाम दीपक बताते हुए कहा कि वह पंडित है और कैटरिंग, खाना बनाने, टेंट सहित आयोजन की पूरी व्यवस्था करवा सकता है। उसने अपने भाई का नाम आयुष शर्मा बताते हुए उसके सुंदरकांड करवाने की बात भी कही। योगिता के मुताबिक उन्होंने उक्त व्यक्ति से पहले व्यक्तिगत रूप से मिलने, आयोजन स्थल देखने तथा टेंट व अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा करने के लिए कहा, लेकिन वह मिलने नहीं आया। उसने अपना कार्यालय अथवा मकान का स्पष्ट पता भी उपलब्ध नहीं कराया। इसके बावजूद वह लगातार एडवांस भुगतान करने के लिए कहता रहा। उन्होंने बताया कि फोन एवं अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर उक्त व्यक्ति के नाम भी अलग-अलग दिखाई दिए। उनके अनुसार फोन/ळ१४ूँ'ी१ पर नाम कमल दुर्वे, हँ३२अस्त्रस्त्र पर महेंद्र शर्मा, जबकि फोन पर उसने अपना नाम दीपक बताया। उसने अपने भाई का नाम आयुष शर्मा बताया। योगिता हटिया ने सभी से अपील की है कि ऐसे मामलों में जल्दबाजी में किसी प्रकार का भुगतान न करें। व्यक्ति से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उसकी पहचान, पता, पूर्व कार्य एवं अन्य जानकारी की पुष्टि करने के बाद ही कोई आर्थिक लेन-देन करें। उन्होंने कहा कि यह जानकारी उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर इसलिए साझा की है, ताकि किसी अन्य व्यक्ति के साथ अप्रिय घटना न हो। उन्होंने लोगों से विशेष रूप से ऑनलाइन एवं यूपीआई भुगतान के मामले में सावधानी बरतने तथा संदिग्ध परिस्थितियों में संबंधित व्यक्ति की पर्याप्त जांच-पड़ताल करने की अपील की है।

### मध्यप्रदेश की टेबल टेनिस प्रतिभाओं का उज्जैन में महासंगम

# 18 से 20 सितंबर तक स्पर्धा में खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन/भोपाल**



मध्यप्रदेश की उभरती टेबल टेनिस प्रतिभाओं के लिए उज्जैन में तीन दिनों तक खेल का रोमांच, प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा का शानदार संगम देखने को मिलेगा। मध्यप्रदेश में टेबल टेनिस खेल को नई ऊंचाई देने और नई खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 18 से 20 सितंबर तक द्वितीय राज्यस्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। तीन वर्ष के लंबे अंतराल के बाद होने जा रही इस स्पर्धा को लेकर खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है।

स्पर्धा संयोजक एवं पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी राजेश शर्मा ने बताया कि लोकमान्य तिलक स्कूल के राजाभाऊ महाकाल हॉल में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 250 से 300 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी शिरकत करेंगे। तीन दिनों तक अलग-अलग आयु वर्गों में होने वाले मुकाबलों में प्रदेश की नई और उभरती प्रतिभाओं के साथ अनुभवी खिलाड़ी भी अपनी खेल क्षमता, तकनीक, फिटनेस और मानसिक मजबूती का प्रदर्शन करेंगे। एक ही छत के नीचे प्रदेशभर की प्रतिभाओं के जुटने से उज्जैन में टेबल टेनिस के एक बड़े खेल महाकुंभ जैसा नजारा देखने को मिलेगा।

संस्था अध्यक्ष एस.पी. झा एवं सचिव सतीश मेहता ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल मुकाबले आयोजित करना नहीं, बल्कि प्रदेश की टेबल टेनिस प्रतिभाओं को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी क्षमता को पहचान सकें और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित हों। प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 एवं सीनियर वर्ग में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

### हर वर्ग में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे

नन्हे खिलाड़ियों से लेकर युवा और अनुभवी सीनियर खिलाड़ियों तक हर वर्ग में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। संस्था संरक्षक कुलदीप भार्गव के मार्गदर्शन में स्पर्धा के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। समिति में एस.पी. झा, सतीश मेहता, एस.के. वशिष्ठ, केशव पंड्या, हरीश कुमार सिंह, भुवनेश्वर मिश्र, सुदीप भार्गव, अंकुर जैन, अक्षय नीमा, हिमांशु जैन, मेघा सर्वटे एवं वंशिका मोतियानी, अमन सिंह बेस, सुरेश चौबे, अशोक जैन, हिमांशु झा, श्वेतांग गुप्ता को शामिल किया गया है। समिति के सदस्य प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां संभालेंगे। कुलदीप भार्गव ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए दर्शकों की तालियां और उत्साहवर्धन उसके आत्मविश्वास को बढ़ाने का काम करता है। यदि खेल प्रेमी बड़ी संख्या में प्रतियोगिता देखने पहुंचेंगे तो खिलाड़ियों को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अतिरिक्त ऊर्जा मिलेगी और उज्जैन में खेल संस्कृति का भी विस्तार होगा। उन्होंने सभी खेल प्रेमियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएं और इस खेल महोत्सव का हिस्सा बनें।

## सतना में 72 घंटे में 4° बढ़ा तापमान, उमस भरी गर्मी बढ़ी फिर तेज बारिश के आसार



**ब्रह्मास्त्र ›› सतना**

सतना में पिछले तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदल गया है। बादलों की गतिविधि कम होने से बुधवार को सुबह से तेज धूप खिली रही। दोपहर में उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। हालांकि, शाम करीब 5:30 बजे अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जो लगभग आधे घंटे तक चली। बारिश रुकने के बाद आसमान साफ हो गया। गुरुवार सुबह से एक बार फिर बादलों की गतिविधि दिखाई दे रही है। मौसम में बदलाव का असर तापमान पर भी दिख रहा है। पिछले 72 घंटे में अधिकतम तापमान में करीब 4 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। बुधवार को अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# संत रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर निकली कलश वंदन यात्रा और वाहन रैली

### संकल्प समरसता अभियान के तहत नगर निगम सभापति कलावती यादव के नेतृत्व में हुआ आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**




संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर संकल्प समरसता अभियान के तहत भव्य कलश वंदन यात्रा और विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन नगर निगम सभापति कलावती यादव के नेतृत्व और महाराजवाड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। यात्रा मार्ग में सर्व समाजजनों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।

महाराजवाड़ा मंडल मीडिया प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि कलश वंदन यात्रा मंगरोला, रत्नाखेड़ी, चिंतामण, जवासिया, दावतखेड़ी, चांदमुख, सिकंदरी, गोठड़ा, मेड़िया और डेढिया पहुंची। इन सभी गांवों और क्षेत्रों में स्थित संत रविदास महाराज मंदिर पर आरती और विशेष पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम संपन्न हुआ।

आयोजन में इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

इस अवसर पर मुख्य रूप से उज्जैन भाजपा नगर जिला महामंत्री कमलेश बैरवा, सौभाग्य सिंह, जितेंद्र भाटी, राजकुमार बंशीवाल, गुरु कमलकांत राजोरिया, ओम मोहने, मंडल महामंत्री जितेंद्र आंजना, इंदर चौधरी, विनोद यादव, विजय चौधरी, पंकज मिश्रा, कन्हैयालाल चौहान, करण सिंह आंजना, द्रुतद सिंह पंवार, बाबूलाल पंवार मौजूद रहे।

इनके साथ ही पार्षद प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र पोरवाल, विकास आंजना, उदय सिंह परिहार, पर्वतलाल मालवीय, संजय आंजना सेठ, राहुल आंजना, संजय आंजना, भरत आंजना, जितेंद्र गुर्जरवाडिया, रमेश खटीक, अतुल आंजना, पंकज शर्मा, मुकेश चौहान और जय सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठगण, पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षक सिर्फ पढ़ाता नहीं बल्कि पूरी एक पीढ़ी को गढ़ता है, बताया सच्चा राष्ट्र निमार्ता

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शिक्षक को असल में राष्ट्र निमार्ता कहा जाना चाहिए। वह सिर्फ पढ़ाता नहीं है, बल्कि पूरी एक पीढ़ी को गढ़ता है। माता-पिता बच्चों को संसार में लाकर शिक्षक के हवाले कर देते हैं। राष्ट्र को कैसे नागरिक देना है, यह जिम्मेदारी शिक्षक की होती है। इसलिए शिक्षक का सम्मान सिर्फ 5 सितंबर को नहीं, बल्कि साल भर होना चाहिए। यह विचार प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने उज्जैन पोहा पंचायत द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक शैलेन्द्र व्यास (स्वामी मुस्कराके), डॉ. विक्रम विवेक और उत्कृष्ट विद्यालय में 100 प्रतिशत परिणाम देने वाले हिंदी के शिक्षक व कवि दिलीप सिंह सिसोदिया (कुमार संभव) का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर आत्मीय सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कवि सुरेंद्र सर्किट ने कहा कि एक शिक्षक अपना पूरा जीवन शिक्षक के रूप में ही गुजार देता है, जबकि उसके द्वारा शिक्षित विद्यार्थी कलेक्टर, कमिश्नर, डॉक्टर, इंजीनियर, पायलट और वैज्ञानिक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचते हैं। यही एक शिक्षक की सेवाओं का सच्चा फल होता है।

विशेष अतिथि अंतरराष्ट्रीय कवि अशोक भाटी ने काव्य पाठ के माध्यम से शिक्षकों को नमन करते हुए कहा कि शिक्षक ज्ञान का दीप जलाकर अंधेरा मिटाते हैं और संस्कारों से जीवन सजाते हैं। राष्ट्रपति अलंकरण से सम्मानित नेत्र एवं देहदानी स्वामी मुस्कराके ने कहा कि शिक्षक एक 'लाइट हाउस' की तरह होता है, जहाँ भटके हुए शिष्य सही मार्ग पाकर मुस्कराते हैं। समाजसेवी दिनेश विजयवर्गीय ने कहा कि कदमों में सारी दौलत रख देने पर भी शिक्षक का कर्ज चुकाने की ताकत हममें नहीं है।

### भक्तिभाव से संपन्न हुआ श्री नारायणी दादी मंगलपाठ महोत्सव

**उज्जैन।** पीपलीनाका से भैरवगढ़ मार्ग पर शिप्रा पुल के पहले स्थित श्री बालाजी एवं खाटूश्याम मंदिर परिसर में बुधवार को श्री नारायणी दादी मंगलपाठ महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री राणी सती दादी मां एवं श्री नारायणी दादी जी की आराधना की। महोत्सव का शुभारंभ विधिवत पाटा पूजन से हुआ। इसके बाद भव्य मंगलपाठ किया गया। भजनों की प्रस्तुति और दादी मां की महिमा के गुणगान से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान दादी मां को छप्पन भोग अर्पित किया गया। भजन संध्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भजनों का आनंद लिया। मंगलपाठ की पूणार्हुति के पश्चात गुरु माता अंजनी सखी नीतू दीदी द्वारा श्रद्धालु महिलाओं को सुहाग आशीर्वाद प्रदान किया गया। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसादी की व्यवस्था की गई थी, जहां भक्तों ने प्रसादी ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### नर्सिंग कॉलेज मान्यता फजीवाड़े पर हाईकोर्ट का आदेश

# डुप्लीकेट फैकल्टी पर 3 लाख का लगा जुर्माना

### 189 सूटेबल कॉलेजों के छात्रों को राहत;

**ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर**



मध्य प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता और संचालन में हुए फजीवाड़े से जुड़े मामलों में बुधवार को हाईकोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस बीपी शर्मा की युगलपीठ ने 189 सूटेबल नर्सिंग कॉलेजों के छात्रों को परीक्षा में शामिल होने और पहले परीक्षा दे चुके छात्रों के रिजल्ट जारी करने की अनुमति दी है।

हालांकि, डुप्लीकेट टीचिंग फैकल्टी वाले कॉलेजों को प्रति डुप्लीकेट फैकल्टी 3 लाख रुपए का जुमार्ना जमा करना होगा। जुमार्ना जमा करने के बाद ही संबंधित कॉलेजों को पात्र माना जाएगा और उनके छात्रों की परीक्षाएं आयोजित हो सकेंगी। पहले हो चुकी परीक्षाओं के रोके गए रिजल्ट भी जारी किए जाएंगे। कोर्ट ने प्रत्येक संबंधित कॉलेज को परिसर या आसपास 50 पौधे लगाने और उनकी देखरेख करने के भी निर्देश दिए हैं। पौधारोपण की तस्वीरें निसर्ग ऐप पर अपलोड करनी होंगी। मामले में लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट विशाल बघेल की जनहित याचिका सहित सभी संबंधित मामलों की सुनवाई हुई। अगली सुनवाई 24 सितंबर 2026 को होगी। सीबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, जांच में सूटेबल पाए गए 119 कॉलेजों और डिफिशिएंट पाए गए 153 कॉलेजों में टीचिंग फैकल्टी की डुप्लीकेसी मिली है। वहीं, 35 सूटेबल कॉलेज ऐसे हैं, जहां डुप्लीकेट फैकल्टी नहीं मिली। हाईकोर्ट ने डुप्लीकेट फैकल्टी वाले कॉलेजों के लिए प्रति फैकल्टी 3 लाख रुपए जुमार्ना तय किया है।

इसमें 2 लाख रुपए एमपी नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल (टढठफ) और 1 लाख रुपए जुवेनाइल जस्टिस फंड में जमा करने होंगे। कॉलेजों को यह राशि एक महीने के भीतर जमा करनी होगी। इसके बाद संबंधित कॉलेजों के छात्रों की परीक्षा और रिजल्ट की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। प्रदेश में करीब एक हजार डुप्लीकेट शिक्षक हैं।

### 50 पौधे लगाने और देखरेख के निर्देश

हाईकोर्ट ने संबंधित कॉलेजों को अपने परिसर या आसपास 50 पौधे लगाने के निर्देश भी दिए हैं। कॉलेजों को इन पौधों की पेड़ बनने तक देखरेख करनी होगी। पौधारोपण के बाद उसकी तस्वीरें निसर्ग ऐप पर अपलोड करनी होंगी। कोर्ट के इस निर्देश का पालन संबंधित कॉलेजों को परीक्षा संबंधी राहत हासिल करने की प्रक्रिया के तहत करना होगा। हाईकोर्ट के आदेश से बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग के छात्रों को राहत मिलेगी। जिन छात्रों ने पहले परीक्षा दे दी है, उनके रिजल्ट भी जारी किए जाएंगे। वहीं, पात्र कॉलेजों के जिन छात्रों की परीक्षाएं रुकी हुई थीं, उनके लिए परीक्षा आयोजित करने का रास्ता साफ हो गया है। हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल को नए नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देते समय पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

### भोपाल-नागपुर फोरलेन का काम फिर अटका: एलिवेटेड कॉरिडोर 5 किमी हो

भोपाल–नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग– 46 के निर्माण पर एक बार फिर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं। राजमार्ग के अत्यधिक संवेदनशील बरेठा घाट और केसला बागदेव हिस्से में चार लेन वाली सड़क के निर्माण को लेकर अब वन विभाग ने नया पेच फंसा दिया है। हाल ही में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निदेर्शों के बाद माना जा रहा था कि इस वन्यजीव संवेदनशील क्षेत्र में सड़क निर्माण का मार्ग पूरी तरह प्रशस्त हो चुका है। परंतु अंतिम समय में सतपुड़ा बाघ अभयारण्य के अधिकारियों ने नई शर्त सामने रख दी है। अभयारण्य प्रबंधन का स्पष्ट कहना है कि जब तक एलिवेटेड कॉरिडोर की लंबाई नहीं बढ़ाई जाएगी, तब तक निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी। दरअसल, पिछले माह ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, वन्यजीव बोर्ड और केंद्र सरकार के बीच सहमति बनी थी। तय योजना के अनुसार 20.9 किलोमीटर लंबे इस संवेदनशील हिस्से में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए 2.5 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर निर्मित किया जाना था। इसी आधार पर उच्च न्यायालय में अनुमति से जुड़ी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। अभयारण्य प्रबंधन की नई मांग: अब वन विभाग का तर्क है कि वर्तमान में प्रस्तावित 2.5 किलोमीटर का एलिवेटेड कॉरिडोर और उसके ढांचे बाघों तथा अन्य वन्यजीवों की मुक्त आवाजाही के लिए पर्याप्त नहीं हैं। बाघों के आवागमन मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अधिकारियों ने मांग रखी है कि एलिवेटेड कॉरिडोर की लंबाई बढ़ाकर सीधे 5.3 किलोमीटर की जाए। वन विभाग के इस कड़े रुख के कारण राजमार्ग निर्माण की प्रक्रिया एक बार फिर रुक गई है।

## मंदसौर में बारिश के लिए गधों से नमक-उड़द की बुवाई, श्मशान घाट में पूजा-पाठ के बाद कराया टोटका

**ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर**

मंदसौर में बारिश की लंबी खेंच के बीच इंद्रदेव को खुश करने के लिए मंदसौर में बुधवार रात एक अनोखी परंपरा दोहराई गई। चंद्रपुरा इलाके के लोगों ने श्मशान घाट में गधों से नमक और उड़द की बुवाई कराई। इससे पहले गधों को फूलों की माला पहनाई गई और काल भैरव के सामने पूजा-पाठ किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश नहीं होने पर पूर्वजों के समय से यह टोटका किया जाता रहा है। मान्यता है कि श्मशान घाट में गधों से बुवाई कराने और उन्हें छोड़ने के बाद उनके घर पहुंचने से पहले ही बारिश शुरू हो जाती है।

बुवाई से पहले गधों को फूलों की माला पहनाई गई। इसके बाद उन्हें श्मशान घाट ले जाया गया। यहां काल भैरव के सामने पूजा-पाठ और धार्मिक रस्में पूरी की गईं। इसके बाद गधों से नमक और उड़द की बुवाई कराई गई। इस दौरान दो लोग भी गधों के पीछे नग्न होकर माला पहनकर चले। स्थानीय लोगों ने इसे परंपरा का हिस्सा बताया।

### बारिश होने के बाद गधों को खिलाते हैं गुलाब जामुन

पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र गिरी गोस्वामी ने बताया कि यह परंपरा उनके पूर्वजों के समय से चली आ रही है। मान्यता के अनुसार बारिश न होने पर गधों को श्मशान घाट ले जाकर पूजा और बुवाई कराई जाती है। इसके बाद उन्हें छोड़ दिया जाता है। गोस्वामी के मुताबिक लोगों का विश्वास है कि गधे अपने घर पहुंचें, उससे पहले ही बारिश शुरू हो जाती है। अच्छी बारिश होने के बाद इन्हीं गधों को दोबारा ढूंढा जाता है। फिर उन्हें फूल-माला पहनाकर सम्मान दिया जाता है और गुलाब जामुन खिलाए जाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार 2023 और 2025 में भी बारिश की कमी के दौरान इसी तरह की रस्म की गई थी।

■ वर्ष-12 अंक-307 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल
मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 10 सितम्बर, 2026

## सुभाषितानि

क्रोधमूलो मनस्तापः क्रोधः संसारबन्धनम्।
धर्मक्षयकरः क्रोधः तस्मात्क्रोधं परित्यज।।

**भावार्थ** : क्रोध ही हृदय के दुख का कारण है, गर्मी का, क्रोध भी संसार के बंधन का कारण है, क्रोध भी धर्म के विनाश का कारण है, इसलिए बुद्धिमान को क्रोध का त्याग करना चाहिए।

## आन्तरिकखानप्रवेशमार्गेषु क्षतिः संचालनसंस्थानात् अङ्गारं निष्कासयितुं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अगस्तमासे उपभोगः २५.८२७ मिलियन मेगावाट् घण्टाः अभवत्, यत् १२.८५ प्रतिशतं अधिकम्। एते आँकडाः मानसूनमासेषु विद्युत्-उपभोगस्य अभिलेख-स्तरस्य प्रतिनिधित्वं कुर्वन्ति। कोयलाखानेषु जलसंक्षेपः मन्त्रालयः अङ्गारखानेषु मानसूनजनितजलप्रवेशः, आन्तरिकखानप्रवेशमार्गेषु क्षतिः, संचालनसंस्थानात् अङ्गारं निष्कासयितुं कष्टानि च इति कारणं वदति एतासां आव्हानानां अभावेऽपि कोल इण्डिया लिमिटेड् इत्यनेन सुनिश्चितं कृतम् यत् आपूर्तिशृङ्खला पूर्णतया न पतिता। तथापि, आँकडा स्पष्टतया सूचयन्ति यत् पूर्ववर्षस्य मानसूनस्य (अगस्तमासस्य) समये इत्यस्य उत्पादनम्।

क्रोधो हर्षश्च दर्पश्च ह्रीः स्तम्भो मान्यमानिता।
यमर्थान् नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते।।

**भावार्थ** : जो लोग क्रोध, अहंकार, कुकर्म, अति-उत्साह, स्वार्थ, अहंकार आदि विकारों से आकर्षित नहीं होते, वे ही सच्चे ज्ञानी होते हैं।

## सम्पादकीयम्

### लक्षशः छात्राः गृहं त्यक्त्वा

लक्षशः छात्राः गृहं त्यक्त्वा बृहन्नगरेभ्यः गच्छन्ति-तदा प्रायः तेषां कृते सुरक्षितं वा निर्दिष्टं वा आवासं नास्ति दिल्लीविश्वविद्यालयस्य आँकडा एव एतस्य पुष्टिं कुर्वन्ति यत् लक्षद्वयाधिकाः छात्राः सन्ति, तथापि छात्रावासस्य निवासः केवलं कतिपयेषु सहस्रेषु एव उपलभ्यते। परिसरात् बहिः सुरक्षा : अमेरिका, यूके, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा च छात्राणां कृते शीर्ष वैश्विकगन्तव्यस्थानानि सन्ति। एतेषु कश्चन अपि देशः छात्रावासस्य सुविधानां गारण्टीं न ददाति-न च शक्नुवन्ति। परन्तु परिसरात् बहिः निवसन्तः छात्राः छात्रावासयोः इव सुरक्षिताः भवेयुः इति सुनिश्चितं करणं महत्त्वपूर्णं कारकम् अस्ति। अस्य कृते विश्वविद्यालयानाम्/महाविद्यालयानाम् स्थानीयप्रशासनानाञ्च मध्ये समन्वयः, भवनविनियमानाम् सख्तं पालनम्, नागरिकसंस्थानां निरीक्षणं च आवश्यकम् अस्ति। एक सामूहिक उत्तरदायित्व। देशे एतत् न भवति, तस्य मूल्यं च सत्यनिकेतन-दुःखद-रूपेण दत्तं भवति। अस्मिन् प्रकरणे भवनस्वामी गृहीतः अस्ति चेदपि न्यायालयेन सम्यक अवलोकितं यत् सम्पूर्णः दोषः केवलं तेषां उपरि एव न स्थापयितुं शक्यते। यथार्थतः एतत् समग्रव्यवस्थायाः विफलतां प्रतिनिधियति, सर्वेषां उत्तरदायित्वं स्वीक्रियताम्। अपरिचितनगरेषु निवासस्थानं अन्वेषमाणाः छात्राः स्वस्य पोषणं कर्तुं न त्यक्तुं शक्यन्ते; लोभेन चालिते पीजी-विपण्ये तेषां सुरक्षा सर्वदा जोखिमे एव तिष्ठति। छात्रावासाः शिक्षायाः मौलिकावश्यकतारूपेण स्वीकृताः भवेयुः। सत्य निकेतन घटना से उठे प्रश्न दिल्लीनगरे सत्यनिकेतनघटनायाः अनन्तरं प्रशासनिकप्रमादस्य निरीक्षणस्य च विषयेभ्यः परं अन्यत् समस्या अग्रे आगता अस्ति यत् शिक्षार्थं प्रमुखनगरेषु आगच्छन्तः छात्राः काः जीवनव्यवस्थाः सन्ति? किं ते सुरक्षितं निवासस्थानं प्राप्नुवन्ति, कियत्पर्यन्तं च? जनहितमुकदमस्य श्रवणं कुर्वन् दिल्ली उच्चन्यायालयेन स्वीकृतं यत् पर्याप्तं छात्रावासस्य अभावेन।

### दिल्लीनगरस्य सत्यनिकेतन-दुःखदघटनायाः अनन्तरं

## सीएम रेखा आक्रोशितः एमसीडी उपायुक्त सहित ५ वरिष्ठ अधिकारी निलम्बित



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

दक्षिणदिल्लीनगरस्य सत्यनिकेतनक्षेत्रे प्रायः ५० वर्षाणि पुरातनस्य भवनस्य दुःखदस्य पतनस्य अनन्तरं दिल्लीनगरनिगमेन प्रमुखा प्रशासनिककार्याणि कृता। अस्मिन् दुःखदघटने एतावता १२ जनाः मलिनमवशेषात् आकृष्यन्ते, सप्त जनाः मृताः इति पुष्टिः अभवत्।

दुर्घटनायाः गम्भीरताम्, सुरक्षामानकानां विषये घोरप्रमादं च दृष्ट्वा नगरपालिकाप्रशासनेन पञ्च वरिष्ठाधिकारिणः-दक्षिणक्षेत्रस्य उपायुक्तः सहितः-तत्कालप्रभावेण निलम्बितः अस्ति।

पञ्च निलम्बित वरिष्ठ अधिकारी सूची

लापरवाहीकारणात् निलम्बनस्य सामनां कुर्वतां अधिकारिणां नाम सोमवासरे जारीकृते आधिकारिकादेशे सार्वजनिकं कृतम्। निलम्बितेषु दक्षिणक्षेत्रस्य उपायुक्तराकेशकुमार, अधीक्षक अभियंता रणवीरसिंह, कार्यकारी अभियंता (भवन) ललित कुमार गोयल, सहायक अभियंता (भवन) सुनील चौहान, कनिष्ठ अभियंता (भवन) आशीष कुमार च सन्ति। पञ्चानां उत्तरदायी अधिकारिणां विरुद्धं एकत्रैव एषा कठोरकार्याणि प्रशासनिकवृत्तेषु हलचलं जनयति।

मुख्यमन्त्री स्थलस्य भ्रमणं करोति; मजिस्ट्रेटी इन्क्वायरी आदेश सोमवासरे प्रातःकाले दिल्ली-नगरस्य मुख्यमन्त्री रेखागुप्ता वरिष्ठाधिकारिभिः सह उद्धार-अन्वेषण-कार्यक्रमस्य वृत्तान्तं गृहीतुं स्थलं गतवती। दिल्लीसर्वकारेण रविवासरे एव अस्य विषयस्य मजिस्ट्रेट्-जाँचस्य आदेशः दत्तः आसीत्। मुख्यमन्त्री भवनस्वामिनः विरुद्धं गैर-जमानत-धाराणाम् अन्तर्गतं प्राथमिकी-पञ्जीकरणं कर्तुं, सख्त-कानूनी-कार्याणि कर्तुं च स्पष्टनिर्देशान् जारीकृतवान्; विभागीयजागृतौ दोषी दृश्यमानानां नगरपालिकायाः अधिकारिणः न मुक्ताः भवेयुः इति अपि सा आग्रहं कृतवती। तदतिरिक्तं, अस्मिन् क्षेत्रे छात्रजनसंख्या विशाला अस्ति इति दृष्ट्वा समीपस्थानां सर्वेषां भुगतान-अतिथि निवासस्थानानां बहुमहलभवनानां च गहननिरीक्षणार्थं निर्देशाः जारीकृताः सन्ति प्रशासनेन स्पष्टा चेतावनी जारीकृता यत् यत्किमपि भवनं वा पीजीसुविधा वा सुरक्षामान्यतानां उल्लङ्घनं दृश्यते तत् तत्क्षणमेव सीलीकरणं भविष्यति।

### अत एव केवलं बफर-स्टॉक

## विमोचनं एव सर्वकाराय पर्याप्तं नास्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अत एव केवलं बफर-स्टॉक-विमोचनं एव सर्वकाराय पर्याप्तं नास्ति। एतत् अपि सुनिश्चितं कर्तव्यं यत् किफायती प्याजाः वास्तवतः अन्त्यग्राहकं प्रति गच्छन्ति तथा च आपूर्तिशृङ्खलायां कुत्रचित् लाभः न नष्टः भवति। वृष्ट्या प्याजसमीकरणं बाधितं भवति अस्मिन् समये प्याजमूल्यानां पृष्ठतः मौसमस्य स्थितिः अपि महत्त्वपूर्णः कारकः इति मन्यते। सर्वकारस्य मते रबी प्याजसस्यं-यत् सामान्यतया वर्षस्य उत्तरमासेषु विपण्यमागधां पूरयितुं संगृह्यते-कटनीकाले अऋतुवृष्ट्या क्षतिः अभवत् देशस्य प्याजस्य आपूर्तिव्यवस्थायां रबी प्याजस्य महती भूमिका अस्ति; सस्यं संगृह्य तदनन्तरं पश्चात् मासेषु विपण्यां मुक्तं भवति। यदि भण्डारणयोग्यस्य प्याजस्य परिमाणं गुणवत्ता वा क्षतिग्रस्तं भवति तर्हि रेखायाः अधः विपण्यस्य उपलब्धतायाः उपरि दबावं स्थापयितुं शक्नोति। परन्तु देशस्य समग्रं प्याजस्य उत्पादनस्य दृष्टिकोणं सुदृढं वर्तते इति अपि सर्वकारेण उक्तम्। २०२५-२६ तमवर्षस्य प्याजस्य उत्पादनं प्रायः ३०७.३७ लक्षटनं भविष्यति, यत् पूर्ववर्षस्य ३०७.६७ लक्षटनस्य सममूल्यम् अस्ति।

नवीन खरीफसस्यात् अक्टोबरमासे राहतस्य अपेक्षा अधुना सर्वकारः, विपण्यविशेषज्ञाः च नूतनस्य खरिफप्याजसस्यस्य आगमनं प्रति ध्यानं ददति। अधिकारिणः प्रत्याशन्ति यत् नूतनाः खरिफप्याजाः अक्टोर्ब-मासस्य मध्यभागात् एव विपण्यं प्राप्तुं आरभन्ते, येन आपूर्तिः वर्धते, सम्भाव्यतया वर्तमानविपण्यदबावः न्यूनीभवति च। यदि नूतनसस्यस्य आगमनं प्रक्षेपणैः सह सङ्गतं भवति तर्हि आगामिषु सप्ताहेषु मूल्यानां स्थिरीकरणे साहाय्यं करिष्यति। अस्य तात्पर्यं यत् यद्यपि सर्वकारस्य वर्तमानः बफर-स्टॉक-उपक्रमः तत्कालं राहतस्य उपायरूपेण कार्यं करोति तथापि अक्टोबर्-मासे आगच्छन्तं नूतनं सस्यं विपण्यां अधिक-निरन्तर-राहतस्य आधारं प्रदातुं शक्नोति 19 नगरेषु बफर प्याजस्य आपूर्तिः प्रेषिता अस्ति बफरप्याजस्य आपूर्तिः सर्वकारेण निरन्तरं वर्धिता अस्ति। सेप्टेम्बरमासस्य आरम्भे उपभोक्तृमन्त्रालयेन घोषितं यत् बफर-स्टॉकस्य लक्षितविक्रयः १९ नगरेषु विस्तारितः अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : मेष राशि एक शानदार दिन के लिए तैयार हो जाएं। हाल ही में हुई किसी डील से भारी मात्रा में धन-लाभ हो सकता है।

**वृषभ** : आज विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। करियर में अपनी जगह बनाने के लिए मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।

**मिथुन** : आज के दिन आपको सेल्फ लव पर फोकस करना चाहिए। आज का दिन आलस भरा साबित हो सकता है।

**कर्क** : अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक डेट प्लान करें। खर्च को इस वक्त कंट्रोल करने की जरूरत है।

**सिंह** : लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशन वालों को आज ही प्रेम जीवन में आ रही दिक्कतों पर फोकस करना चाहिए।

**कन्या** : थोड़ा सा स्ट्रेस भरा साबित हो सकता है। समय पर काम ना पूरा होने से सीनियर्स या मैनेजमेंट की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

**तुला** : आज करियर के मामले में महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी आपको दी जा सकती है। आर्थिक स्थिति भी मजबूत रहने वाली है।

**वृश्चिक** : आज के दिन बाहर के खाने से परहेज करें। अपने प्रोफेशनल जीवन में चुनौतियों के साथ-साथ रचनात्मकता की उम्मीद करें।

**धनु** : आज दिन रोमांटिक रहेगा। ऑफिस की पॉलिटिक्स आपके लिए नेगेटिव साबित हो सकती है।

**मकर** : मकर राशि के लोगों के लिए दिन काफी बिजी साबित हो सकता है। कार्यालय में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**कुंभ** : आप का दिन बदलावों से भरपूर रहने वाला है। काम के सिलसिले में विदेश की यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मीन** : अप्रत्याशित चुनौतियाँ सामने आ सकती हैं, फिर भी खुद को संतुलित करते हुए आगे बढ़ते रहें।

### ज्योतिष/वास्तु

## दिसंबर तक इन 3 राशि के लोगों पर रहेगी राहु-केतु की नजरें, उठाना पड़ सकता है नुकसान

राहु और केतु साल के अंत में गोचर करेंगे। हालांकि, जबतक वह कुछ राशि वालों पर अपनी नजरें बनाकर रख सकते हैं। इससे जातकों को धन, यात्रा और सेहत से जुड़ी परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं।

राहु और केतु ज्योतिष में बेहद प्रभावशाली ग्रह माने जाते हैं। हालांकि, इन्हें छाया ग्रह कहा जाता है। दोनों का स्वभाव अलग-अलग होने के कारण इनका प्रभाव भी जातकों के जीवन पर अलग-अलग रूपों में देखने को मिलता है। केतु जहां अध्यात्म और वैराग्य के कारक माने जाते हैं, वहीं राहु अचानक होने वाले बदलावों और अप्रत्याशित परिस्थितियों को दशार्ते हैं। वर्तमान में ये दोनों ग्रह शनि और सूर्य की राशि में



विराजमान हैं। बता दें, राहु कुंभ में और केतु सिंह राशि में गोचर कर रहे हैं। अब साल के अंत में ये दोनों ग्रह अपनी उल्टी चाल से अगला गोचर करेंगे। तब तक कुछ राशि वालों पर इनका विशेष प्रभाव बना रह सकता है। ऐसे में जातकों को काम, रिश्तों, यात्रा और सेहत के मामलों में सावधानी बरतने की आवश्यकता हो सकती है। आइए जानते हैं किन राशियों को दिसंबर तक संभलकर रहने की जरूरत है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों को सावधानी रखने की जरूरत रहेगी। काम को लेकर थोड़ी-सी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। किसी जरूरी कार्य में जल्दबाजी करने से नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए हर फैसला सोच-समझकर लें। नौकरी को लेकर कुछ नए प्रयास आप करेंगे और सफलता पाने के लिए धैर्यवान रहें। अपने काम को समय पर पूरा करने की कोशिश करें। आर्थिक मामलों में भी सतर्क रहना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि वालों को अलर्ट रहना होगा। लाभ पाने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। किसी विवाद में फंसने की स्थिति बन सकती है, इसलिए बेवजह की बहस से दूरी बनाए रखना बेहतर रहेगा। सरकारी कामों से जुड़ी कोई बाधा आ सकती है। इस समय रिश्तों में अनबन मानसिक तनाव का कारण बन सकती है। बातचीत और समझदारी से परिस्थितियों को संभालने की कोशिश करें। समय आपके धैर्य की परीक्षा ले सकता है।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वालों को सेहत से जुड़ी कुछ परेशानियां हो सकती हैं, इसलिए लापरवाही से बचें। किसी पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करना आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। हालांकि, दोस्तों और परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलता रहेगा। नौकरी और कारोबार के मामलों में आपको बहुत धैर्य के साथ आगे बढ़ना होगा। जल्दबाजी में लिए गए फैसलों से बचना आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी बात का तनाव मन पर भारी पड़ सकता है।

### महिला एशिया कप : यूएई को 34 रन से हराकर बांग्लादेश अंतिम-4 में, 10 सितंबर को दुबई में मुकाबला

## सेमीफाइनल में भारत-बांग्लादेश की भिड़ंत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

महिला एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। मंगलवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश ने यूएई को 34 रन से हराकर अंतिम-4 में जगह बनाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 103 रन बनाए। जवाब में यूएई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 69 रन ही बना सकी। अब 10 सितंबर को पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश का सामना भारत से होगा। मुकाबला दुबई में शाम 8 बजे से खेला जाएगा।

**55 रन पर 6 विकेट गंवा चुका था बांग्लादेश, शर्मिन ने संभाली पारी-** बांग्लादेश की शुरूआत खराब रही। टीम ने 55 रन तक पहुंचते-पहुंचते 6 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद शर्मिन अख्तर ने 31 गेंदों पर 38 रन की अहम पारी खेली। कप्तान निगार सुल्ताना ने 28 गेंदों पर 23 रन बनाए। शर्मिन ने नाहिदा अख्तर के साथ सातवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की। नाहिदा ने 26 गेंदों पर नाबाद 16 रन बनाए। इस साझेदारी की मदद से बांग्लादेश 100 रन का आंकड़ा पार कर सका और 20 ओवर में 103/7 का स्कोर बनाया।

**सुरक्षा कोटे ने 4 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लिए-** यूएई की ऑफ स्पिनर सुरक्षा कोटे ने बांग्लादेश की पारी पर दबाव बनाए रखा। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 3 विकेट लिए। उनके स्पेल में 16 डॉट गेंदें रहीं। सुरक्षा ने पावरप्ले में बांग्लादेश के दो विकेट निकाले। इसके बाद उन्होंने कप्तान निगार सुल्ताना को भी आउट किया। यूएई की गेंदबाजी के कारण बांग्लादेश को बड़े स्कोर तक पहुंचने के लिए आखिरी ओवरों तक संघर्ष करना पड़ा।

**104 रन के लक्ष्य में यूएई की शुरूआत खराब, मरुफा ने 2 विकेट लिए-** 104 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही।




### भारत ने ग्रुप-अ के तीनों मैच जीते

अब बांग्लादेश के सामने सेमीफाइनल में भारत की चुनौती होगी। भारतीय टीम ने ग्रुप-अ में अपने तीनों मैच जीते और टॉप पर रहते हुए अंतिम-4 में जगह बनाई। भारत ने अपने पिछले मैच में पाकिस्तान को 55 रन पर ऑलआउट कर 7 विकेट से जीत दर्ज की थी। इससे पहले टीम ने हांगकांग को 137 रन से हराया था।

**मंधाना का 124, दीप्ति और शेफाली ने भी बनाए रिकॉर्ड-** भारत की स्मृति मंधाना ने हांगकांग के खिलाफ 64 गेंदों पर 124 रन की पारी खेली थी। इस पारी के साथ वह विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर बनीं। दीप्ति शर्मा ने थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग को पीछे छोड़कर महिला टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनने की उपलब्धि हासिल की। वहीं शेफाली वर्मा महिला ळ20कमें 3,000 रन का आंकड़ा छूने वाली सबसे कम उम्र की और सबसे तेज खिलाड़ियों में शामिल हुईं।

**दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान-श्रीलंका आमने-सामने-** दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान और श्रीलंका की भिड़ंत होगी। यह मुकाबला 11 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में शाम 8 बजे से खेला जाएगा। पाकिस्तान ने हांगकांग को 72 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं श्रीलंका ग्रुप-इ में टॉप पर रहा और टूर्नामेंट में अब तक अजेय है। श्रीलंका ने ग्रुप स्टेज में बांग्लादेश को 4 विकेट से हराया था।

तेज गेंदबाज मरुफा अख्तर ने नई गेंद से कप्तान ईशा ओजा और समाइरा धरनिधारका को पवेलियन भेज दिया। मरुफा ने 4 ओवर में 9 रन देकर 2 विकेट लिए। पावरप्ले खत्म होने तक यूएई का स्कोर 15 रन पर 2 विकेट था। इसके बाद बांग्लादेश के स्पिनर्स ने रन बनाने की रफ्तार पर अंकुश बनाए रखा।

**राबेया ने 3 विकेट लिए, यूएई 69/9 पर रुका-** बांग्लादेश के गेंदबाजों ने वअए को लगातार दबाव में रखा। राबेया खान ने 3 विकेट लिए, जबकि नाहिदा अख्तर ने 2 विकेट चटकाए। यूएई के बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सके और 20 ओवर में 9 विकेट पर 69 रन ही बना पाए।

यूएई की पारी में 70 डॉट गेंदें रहीं। टीम की ओर से हीना हॉटचंदानी 18 रन के साथ टॉप स्कोरर रहीं। बांग्लादेश ने 34 रन से मैच जीतकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग में भारत नंबर-1 बरकरार, ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर

### 116 रेटिंग के साथ न्यूजीलैंड से 7 अंक आगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आईसीसी की ताजा वनडे टीम रैंकिंग में भारत ने नंबर-1 की स्थिति बरकरार रखी है। भारतीय टीम 33 मैचों में 3,841 पॉइंट्स और 116 रेटिंग के साथ टॉप पर है। न्यूजीलैंड 109 रेटिंग के साथ दूसरे, ऑस्ट्रेलिया 102 रेटिंग के साथ तीसरे और साउथ अफ्रीका 102 रेटिंग के साथ चौथे नंबर पर है।

**भारत की 116 रेटिंग, न्यूजीलैंड से 7 अंक की बढ़त-** भारत के पास 116 रेटिंग है, जबकि दूसरे नंबर की न्यूजीलैंड टीम की रेटिंग 109 है। न्यूजीलैंड ने 35 मैचों में 3,809 पॉइंट्स हासिल किए हैं। यानी रेटिंग के मामले में भारत ने न्यूजीलैंड पर 7 अंकों की बढ़त बना रखी है।

**पाकिस्तान 5वें, श्रीलंका छठे और इंग्लैंड 7वें नंबर पर-** एशियाई टीमों में पाकिस्तान 100 रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर है। उसके 32 मैचों में 3,215 पॉइंट्स हैं। श्रीलंका 96 रेटिंग के साथ छठे नंबर पर है, जबकि अफगानिस्तान 92 रेटिंग के साथ आठवें स्थान पर है। इंग्लैंड 93 रेटिंग के साथ सातवें, बांग्लादेश 83 रेटिंग के साथ नौवें और वेस्टइंडीज 77 रेटिंग के साथ 10वें स्थान पर है।

**जिम्बाब्वे 11वें, आयरलैंड 12वें स्थान पर-** टॉप-10 के बाद जिम्बाब्वे 63 रेटिंग के साथ 11वें स्थान पर है। आयरलैंड 51 रेटिंग के साथ 12वें और स्कॉटलैंड 45 रेटिंग के साथ 13वें नंबर पर है। नीदरलैंड्स 44 रेटिंग के साथ 14वें, वरअ 40 रेटिंग के साथ 15वें और नामीबिया 31 रेटिंग के



साथ 16वें स्थान पर है। ओमान 30, नेपाल 25, वअए 19 और कनाडा 9 रेटिंग के साथ क्रमशः 17वें से 20वें स्थान पर हैं।

**कैसे तय होती है आईसीसी वनडे टीम रैंकिंग-** आईसीसी की टीम रैंकिंग में टीम के मैचों के नतीजों के साथ उसके प्रदर्शन की निरंतरता को भी ध्यान में रखा जाता है। हर टीम की रेटिंग उसके प्रदर्शन और संबंधित मैचों के रेटिंग-वेट के आधार पर तय होती है। इसलिए केवल पॉइंट्स की संख्या से रैंक तय नहीं होती, बल्कि पॉइंट्स और मैचों के आधार पर बनी रेटिंग महत्वपूर्ण होती है। भारत की मौजूदा रेटिंग 116 है यही वजह से उसे न्यूजीलैंड (109) और ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका (102) से ऊपर रखती है।

## खबर एक नजर...

### सागर जहरीली शराब कांड के बाद उज्जैन में धरपकड़

**उज्जैन।** सागर में जहरीली शराबकांड सामने आने के बाद उज्जैन पुलिस ने पूरे जिले में अवैध शराब की धरपकड़ का अभियान शुरू कर दिया है। 24 घंटे में पुलिस ने जिले में 405 अवैध शराब क्वार्टर के साथ 9 लोगों को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुये हिरासत में लिया। कुल 37 लोगों पर वैधानिक कार्रवाई कर आबकारी अधिनियम के प्रकरण दर्ज किये है। पुलिस कार्रवाई में पंवासा पुलिस ने पंकज राजपूत से 67 क्वार्टर 2 बीयर केन कीमत 7 हजार 250 रुपए जप्त की। थाना चिंतामण पुलिस ने बनेसिंह पंवार से 14 क्वार्टर देशी प्लेन शराब कीमत 1,260, बरामद की। थाना महाकाल ने अजय पाटीदार से 23 क्वार्टर, 4 बीयर कीमत 3130, थाना भैरवगढ़ ने विशाल पारेगी से 18 क्वार्टर और लाखनसिंह से 16 क्वार्टर देशी शराब, थाना बिरलाग्राम ने लक्ष्मण खिंगार से 18 क्वार्टर, गोपाल बरगुंडा से 50 क्वार्टर, अरुण निनामा से 19 क्वार्टर तथा संजय माथुर से 25 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद की। थाना बड़नगर ने पवन पंवार से 24 क्वार्टर, जितेन्द्र मईड़ा से 16 क्वार्टर, गोविन्द भील से 16 क्वार्टर और रमेश भील से 16 क्वार्टर बरामद किये। थाना घट्टिया पुलिस ने जितेन्द्र राय से 18 क्वार्टर, जितेन्द्र गुर्जर से 20 क्वार्टर, ईश्वरसिंह उर्फ शेरसिंह राजपूत से 23 क्वार्टर, थाना महिदपुर रोड ने भैरूलाल मकवाना एवं जगदीश परमार के कब्जे से अवैध शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। माकडोन पुलिस द्वारा ग्राम पाट में श्याम सिंह को अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ पकड़ा। थाना राघवी ने बहादुरसिंह के कब्जे से 22 क्वार्टर, थाना झारडा पुलिस टीम द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए तीन युवकों से क्रमशः 21 क्वार्टर, 30 क्वार्टर और 19 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद किये। थाना नागदा पुलिस ने ढाबा संचालक संजय सेन के साथ दीपक गोस्वामी को ग्राहकों को अवैध रूप से शराब पिलाते हुए पकड़ा गया। इसके साथ ही 9 लोगों को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुये हिरासत में लेकर आबकारी अधिनियम के प्रकरण दर्ज किये है।

### बामोरा कांकड पर दुर्घटना में 3 युवक घायल

**उज्जैन।** चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम बामोरा कांकड़ पर बुधवार शाम दुर्घटना में बाइक पर सवार दुगार्शंकर पिता श्यामलाल 18 साल, लखन पिता कालू 20 साल निवासी बामोरा और विजय पिता मुकेश मालवीय 16 साल निवासी देवरखेड़ी घायल हो गये। तीनों को तेजगति से आई कार ने टक्कर मार दी थी। बाइक सवार तीनों घायलों को लोगों की मदद से चरक अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के लिये भर्ती किया गया है। अस्पताल इमरजेंसी कक्ष से ड्युटी कम्पाउंडर सुजल लश्करी ने मामले की सूचना चिंतामण थाना पुलिस को दी है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। कार चालक को हिरासत में लिया गया है। घायलों ने बताया कि वह चिंतामण गये थे, जहां वापस गांव लौट रहे थे। परिजनों के अनुसार विजय के सिर में चोंट लगी है। वहीं दुगार्शंकर और लखन के पैर फैक्चर हुये है। पुलिस ने तीनों के बयान दर्ज कर मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

### स्कूटी चालक ने 6 साल की मासूम को कुचला

**उज्जैन।** मक्सीरोड स्थित माधोपुरा में रहने वाले अर्जुन मालवीय की 6 वर्षीय पुत्री घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान स्कूटी क्रमांक एमपी 13 एफटी 6443 का चालक तेजगति से आया और मासूम पर स्कूटी चढ़ा दी। बालिका गंभीर घायल हो गई। स्कूटी से कुचलने के बाद चालक मौके से भाग निकला। परिजन बालिका को अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने स्कूटी नम्बर सामने आने के बाद चालक की तलाश शुरू की है। वहीं मामले में लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### डीजल के पैसे मांगे तो पेट्रोल पंप कर्मी से मारपीट

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम बैडावन्या में जय बाबा पेट्रोल पंप बना हुआ है। रात में कार सवार 3 से 4 युवक पेट्रोल पंप पर पहुंचे और डीजल डालने की बात कहीं। पंप कर्मचारी अमित पिता कैलाशचंद्र मरमट निवासी निवासी अशोक कालोनी बिरलाग्राम ने कार में डीजल भरा, कार चालक जाने लगा, पंपकर्मी अमित ने उन्हे रोका और पैसे मांगे। कार में सवार चालक और उसके साथी नीचे उतरे और अमित के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने पंपकर्मी की शिकायत पर कार चालक और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पंप पर लगे कैमरे देखकर कार नम्बर से चालक की तलाश शुरू की गई है।

### रिक्शा चालक पर बीयर की बोतल से हमला

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर से काल भैरव मंदिर जाने के लिये ई-रिक्शा में सवार हुये 3 युवकों ने चालक पर बीयर की बोतल से हमला किया और भाग निकले। चालक की शिकायत पर पुलिस तीनों युवकों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। चिमनगंज थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर में रहने वाला राजेश पिता शंकरलाल चंद्रावत 42 साल ई-रिक्शा चलाता है। वह महाकाल मंदिर से सवारी छोड़कर लौट रहा था, उसी दौरान तीन युवकों ने उसे रोका और कालभैरव मंदिर दर्शन के लिये चलने को कहा। राजेश ने सवारी मिलने पर तीनों को बैठा लिया। आधे रास्ते में तीनों ने मंदिर में शराब चढ़ाने की बात कहीं और दुकान पर चलने को कहा। रिक्शा चालक आगररोड शराब दुकान पर लेकर पहुंचा। तीनों शराब लेकर आने का बोलकर चले गये। काफी देर होने पर राजेश उन्हे देखने पहुंचा तो तीनों बीयर पी रहे थे, उनसे जल्दी चलने की बात कहीं, तीनों ने उसके सिर पर बीयर की बोतल से हमला किया और भाग निकले। चालक की शिकायत पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया और उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि तीनों यात्री बाहर से आये थे। पुलिस उनकी पहचान के प्रयास कर रही है।

### शक्कर व्यापारियों को तय सीमा में ही स्टॉक रखने के सख्त निर्देश

**उज्जैन।** उचित मूल्य पर चीनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और म.प्र. चीनी नियंत्रण आदेश 2026 के क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन ने उज्जैन जिले के पंजीकृत शक्कर व्यापारियों एवं प्रोसेसर एसोसिएशन के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में थोक उपभोक्ताओं एवं डीलरों को निर्देश दिए गए कि वे चीनी का भंडारण निर्धारित समयावधि और तय सीमा के अनुसार ही करें। शक्कर व्यापारी एसोसिएशन ने प्रशासन को अवगत कराया कि चीनी नियंत्रण आदेश 2026 का पालन करते हुए भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर स्टॉक घोषित किया जाएगा। सभी प्रतिष्ठानों पर खाद्य विभाग से सत्यापित स्टॉक रजिस्टर रखा जाएगा, जिसमें प्रतिदिन की आवक व जावक का नियमानुसार रिकॉर्ड दर्ज होगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 589-2 | 188-7 |
| मेन बाजार | 134-8 | 168-5 |
| मिलन डे | 240-6 | 360-9 |
| मिलन नाइट | 257-4 | 489-1 |

2 5 7

---

#### सिंहस्थ के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सख्ती की स्थिति

# गुणवत्ता में कमी रखी तो ठेकेदारों पर 2-5 लाख की पेनल्टी लगेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सख्ती की स्थिति बन गई है। संभागायुक्त एवं मेला अधिकारी अशीषसिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण यंत्री को सीधे-सीधे कह दिया है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कमी रखी तो 2-5 लाख की पेनल्टी लगेगी। इस सख्त संदेश के बाद अधिकारियों के साथ ठेकेदारों में गुणवत्ता के साथ ही टेस्टिंग रिपोर्ट एवं आडिट को लेकर कमी को लेकर स्थिति साफ हो गई है।

संभागायुक्त एवं मेला अधिकारी आशीष सिंह ने बुधवार को सिंहस्थ कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण यंत्री को निर्देश दिए हैं कि थर्ड पार्टी ऑडिट सर्विस द्वारा निर्माण कार्यों में चिन्हित की गई गुणवत्ता कमी को तुरंत दूर किया जाये। निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी रखने वाले ठेकेदारों पर 2 से 5 लाख तक की



पेनल्टी लगाने के निर्देश देते हुए कहा है कि सभी आरएमसी ( रेडी मिक्स कांक्रीट प्लांट्स ) का निरीक्षण कर रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाये। संभागायुक्त आशीष सिंह ने सिंहस्थ मेला कार्यालय में सिंहस्थ कार्यों की समीक्षा की तथा कहा कि बारिश खत्म होने को है, सड़क निर्माण व चौड़ीकरण के कार्य को तेजी से करने के लिए साइट पर संसाधनों की मोबिलिटी करते हुए सभी कार्य समय पर पूरे किये जाये।

### आंकड़े अपडेटेड नहीं होने पर नाराजगी, सस्पेंड होंगे

संभागायुक्त ने उच्च अधिकारियों की समीक्षा के लिए तैयार किये जाने वाले प्रेजेंटेशन में आंकड़े अपडेटेड नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि भविष्य में प्रस्तुत की जाने वाली जानकारी वास्तविक व अपडेटेड होना चाहिये। गलत जानकारी प्रस्तुति किये जाने पर संबंधित इंजीनियर को निलंबित कर दिया जायेगा। बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि हरसिद्धि पाल से लेकर रामघाट तक के सड़क निर्माण के लिए मार्किंग कर दी गई है, कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। इसी तरह महाकाल चौराहे से गोपाल मंदिर तक सेंट्रल लाइन की मार्किंग हो गई है। महाकाल सवारी के कारण काम रुका हुआ था, अब काम शुरू हो जाएगा। गुदरी पानदरीबा सड़क में भी सेंट्रल मार्किंग हो गई है। घाट अपग्रेडेशन का काम शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह से जयसिंहपुरा चौराहे का सौंदर्यीकरण, भगत सिंह मार्ग से नरसिंह घाट, कार्तिक चौक से दानी गेट तक के रोड का चौड़ीकरण कार्य के लिए भी मार्किंग हो चुकी है। संभागायुक्त द्वारा नीलगंगा से महाकाल तथा जयसिंहपुरा अंडरपास एवं नूतन स्कूल तक के मार्ग निर्माण में जो भी समस्या आ रही है, उसे एक सप्ताह में दूर करने के लिए कहा गया है। सभी निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि कार्य की शुरूआत से ही स्पीड को मेंटेन करना चाहिए। अनावश्यक 15 दिन तक तैयारी में समय जाया नहीं करना चाहिए। सिंहस्थ अब नजदीक है, इसलिए कार्य तेजी से करना आवश्यक है। बताया गया कि सिंधी कॉलोनी से नीलगंगा तक के सड़क मार्ग का डामरीकरण बारिश समाप्त होने के तुरंत बाद कर दिया जाएगा।

---

#### चिंतामण क्षेत्र स्थित सिंहस्थ बायपास और चंदू खेड़ी मार्ग पर सड़क हादसा

# दुर्घटना में 2 लोगों की मौत, 2 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रात में 1 घंटे के अंतराल में चिंतामण क्षेत्र स्थित सिंहस्थ बायपास और चंदू खेड़ी मार्ग पर सड़क हादसे होना सामने आया है। घटनाक्रम में दो लोगों की मौत हुई है जिसमें एक एडवोकेट शामिल है। दो युवक घायल हुए हैं। जिनका उपचार चल रहा है।

दुर्घटना का पहला मामला सिंहस्थ बायपास मार्ग राजाराम रिसोर्ट वाइन शॉप के सामने हुआ। बाइक पर सवार तीन युवकों को तेज गति से आए डंपर ने कुचल दिया था। घटनास्थल पर एक की मौत हो गई थी दो गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें चरक अस्पताल पहुंचाया गया जहां मृतक की पहचान बाबूलाल पिता चैन सिंह यादव 35 साल निवासी शांतिनगर के रूप में हुई। घायलों में राहुल पिता दिलीप चंद्रावत 31 साल निवासी शांति नगर और सतीश पिता रमेश चंद्र यादव




32 साल निवासी सार्थक नगर होना सामने आए। बताया जा रहा है कि मृतक और उसके साथी राहुल द्वारा सतीश को अपनी बाइक पर लिफ्ट दी गई थी। दुर्घटना की जानकारी लगने पर तीनों के परिजन चरक अस्पताल पहुंच गए थे वहीं पुलिस दुर्घटना स्थल पहुंची थी। चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है मृतक की अस्पताल से सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया है दुर्घटना रात 10 बजे के लगभग होना सामने आई है। मृतक और घायलों के परिजनों से पूछताछ के बाद ही तीनों के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ पाएगी।

### रात 11 बजे दूसरी दुर्घटना

सड़क हादसे का दूसरा मामला रात 11 बजे बड़नगर मार्ग चंदूखेड़ी में होना सामने आया। मृत अवस्था में करण पिता गोपाल सिंह 31 साल निवासी चिंतामण जवासिया को छोटा भाई श्याम ठाकुर चरक अस्पताल लेकर पहुंचा था। भाई ने बताया कि कारण एडवोकेट था और चंदूखेड़ी से वापस घर लौट रहा था। भाई की स्कूटी को अज्ञात वाहन में टक्कर मारी है। अस्पताल स्टाफ द्वारा मृतक की बॉडी पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाई गई और मामले की सूचना चिंतामण थाना पुलिस को दी गई। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## संत रविदास महाराज की जयंती पर निकली कलश वंदन यात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर संकल्प समरसता अभियान के तहत भव्य कलश वंदन यात्रा और विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन नगर निगम सभापति कलावती यादव के नेतृत्व और महाराजवाड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। महाराजवाड़ा मंडल मीडिया प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि कलश वंदन यात्रा मंगरोला, रत्नाखेड़ी, चिंतामण, जवासिया, दावतखेड़ी, चांदमुख, सिकंदरी, गोठड़ा, मेड़िया और डेढिया पहुंची। इस अवसर पर मुख्य रूप से उज्जैन भाजपा नगर जिला महामंत्री कमलेश बैरवा, सौभाग्य सिंह, जितेंद्र भाटी, राजकुमार बंशीवाल, गुरु कमलकांत राजोरिया, ओम मोहने, मंडल महामंत्री जितेंद्र आंजना, इंदर चौधरी, विनोद यादव, विजय चौधरी, पंकज मिश्रा, कन्हैयालाल चौहान, करण सिंह आंजना, द्रुतद सिंह पंवार, बाबूलाल पंवार मौजूद रहे।

## छात्रों की गूंज, युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने का लिया संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में महानंदा नगर के वार्ड 51 और 53 में छात्रों की गूंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं युवाओं से सीधा संवाद किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा साथियों और आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं और अधिकारों पर चर्चा की गई तथा 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत मौके पर ही युवाओं के रजिस्ट्रेशन करवाए गए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को संगठन से जोड़ते हुए कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने आश्वस्त किया कि युवाओं की आवाज को लगातार बुलंद किया जाएगा और छात्रों के अधिकारों की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।

# झिरन्या में चल समारोह के बीच बंदूकों से हर्ष फायर

### वीडियो सामने आने पर 2 हिरासत में, 1 की तलाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नागदा के ग्राम झिरन्या में स्वागत चल समारोह के बीच बंदूकों से हवाई फायर होने का वीडियो समाने आने पर पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। 2 को हिरासत में ले लिया गया है, 1 की तलाश जारी है। वीडियो 20 दिन पुराना होना बताया गया है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी एसआई जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि 3 सितंबर को भ्रमण के दौरान ग्राम झिरन्या में मुखबीर द्वारा एक वीडियो दिखाया गया। जिसमें 3 लोग बंदूकों से भीड़ के बीच हवा में हर्ष फायर करते दिखाई दे रहे थे। वीडियो पर संज्ञान लिया गया और जांच शुरू की गई। पता चला कि 20 दिन पहले ग्राम झिरन्या में एक



परिवार के यहां दुबई से शेख आये थे, जिनके स्वागत में चल समारोह निकाला गया था, वीडियो उसी का है, जिसमें हर्ष फायर हो रहा है। पुलिस ने हवा में फायर करने वालों की जानकारी जुटाई एक मास्क लगाकर फायर कर रहा था। जिसका नाम इरफान पिता रफीक मंसूरी निवासी समतानगर रतलाम सामने आया। दूसरे की पुष्टि असलम पिता साजुउद्दीन खान निवासी गंधवानी धार के रूप में हुई। दोनों की गिरफ्तारी के लिये टीम गठित की गई और बुधवार को हिरासत में ले लिया गया। हवाई फायर करने वाले तीसरे व्यक्ति की जानकारी जुटाई जा रही है। उसे भी जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 25 (9) का मामला दर्ज किया गया है। इस बात का पता भी लगाया जा रहा है कि दुबई से शेख किस मुस्लिम परिवार के यहां आया था और स्वागत चल समारोह किसने निकाला था। हवाई फायर में प्रयुक्त एक बंदूक इरफान से बरामद कर ली गई है। दो अन्य आरोपियों से भी बंदूक बरामद की जायेगी।

---

#### सोयाबीन की फसल होने लगी प्रभावित, अब तेज बारिश के आसार कम

# पिछले साल से 4 इंच कम बारिश, 10 इंच दूर औसतन आंकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मानूसन की शुरूआत में हुई तेज बारिश के बाद शहर में बारिश का क्रम रूक-रूककर बना रहा। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सितंबर माह तक 4 इंच बारिश कम हुई है। अब भी औसतन आंकडा 10 इंच दूर है। आगामी शेष बचे वषार्काल के दिनों में तेज बारिश की संभावना कम दिखाई दे रही है।

शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार शहर की औसतन बारिश का आंकड़ा 36 इंच है, इस बार अब तक 26 इंच के करीब बारिश दर्ज की गई है, जो पिछले साल की तुलना में 4 इंच कम है। वषार्काल का समय 30 सितंबर तक माना जाता है। लेकिन अब मानसून का नया सिस्टम सक्रिय होता दिखाई नहीं दे रहा है। जिससे औसतन आंकड़ा पूरा होने की संभावना काफी कम हो गई है। वेधशाला पर्यवेक्षक दीपक गुप्ता के अनुसार पिछले वर्ष भी सितंबर अंत में तेज बारिश हुई थी और औसतन आंकड़ा 894 मिलीमीटर (36 इंच के करीब) पर आकर रूक गया था। वर्तमान में बारिश थमने के बाद आसमान साफ हो गया और तापमान में तेजी आने लगी है। बुधवार को अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री पहुंच गया था। न्यूनतम तापमान 21 डिग्री से अधिक बना हुआ है। हवा की रफ्तार भी थमने लगी है।

### सोयाबीन की फसल पर पड़ने लगा असर

बारिश कम होने और तापमान में आती तेजी की वजह से खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल पर असर पड़ता दिखाई देने लगा है। फसल पीली पड़ रही है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। उम्मीद लगाई जा रही है कि 10 दिवसीय उत्सव में इंद्रदेव मेहरबान होगें और तेज बारिश से किसानों को राहत मिलेगी। लेकिन मौसम विभाग की माने तो आसमान से अब बादल छंटने लगे है, नया सिस्टम बनता दिखाई नहीं दे रहा है।



### ना क्षिप्रा में उफान, ना गंभीर में जलसंग्रह

इस बार मानूसन की शुरुआत के बाद से अब तक ना तो क्षिप्रा नदी में उफान दिखाई दिया, ना हीं गंभीर डेम में क्षमता के मुताबिक पानी संग्रहित हुआ है। अगर बारिश नहीं हुई तो जलप्रदाय की समस्या सामने आ सकती है। औसतन आंकड़ा पूरा होने पर जमीन का जलस्तर भी गिर सकता है। जलप्रदाय की समस्या से निपटने के लिये नये वर्ष में प्रशासन को नर्मदा के पानी का सहारा लेना पड़ सकता है।

## कमरे का दरवाजा बंद कर बुजुर्ग ने लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बीमारी से परेशान चल रहे बुजुर्ग ने बुधवार सुबह कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। परिजनों को घटना का पता चला तो फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि सुबह 11 बजे के लगभग खबर मिली थी कि गदापुलिया पर रहने वाले नासिर हुसैन पिता गुलशेर अहमद 55 साल की फांसी लगाने से मौत हुई है। पुलिस अस्पताल से सूचना मिलने पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। इस दौरान सामने आया कि नासिर हुसैन ने रस्सी का फंदा बनाकर टीनशेड़ के कमरे में फांसी लगाई थी। वह किडनी की बीमारी से परेशान चल रहे थे उनका उपचार भी जारी था, सुबह वह नहीं जागे थे, पहले लगा कि बीमारी के चलते नहीं उठे है, लेकिन काफी देर होने पर पुत्र जगाने पहुंचा तो दरवाजा बंद था। खिड़की से देखने पर रस्सी के फंदे पर लटके थे। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया और घटनास्थल की जांच की गई।

---

#### एसडीआरएफ-एनडीआरएफ ने चलाया सर्चिंग अभियान

# बनारस की टीम ने खोजा क्षिप्रा में डूबे युवक का शव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्षिप्रा नदी में डूबे युवक का शव बनारस की एनडीआरएफ टीम ने एसडीआरएफ के साथ संयुक्त सर्चिंग अभियान में बुधवार को खोज निकाला। मंगलवार को मिर्गी का दौरा पड़ने पर दिव्यांग युवक त्रिवेणी पुलिया से नदी में गिरा था।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि मंगलवार दोपहर को त्रिवेणी पुलिया से क्षिप्रा नदी में ग्राम शक्करवासा का रहने वाला राहुल पिता ओमप्रकाश प्रजापत 19 वर्ष गिर गया था। उसे डूबता देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। युवक के परिजन भी मौके पर आ गये थे। उन्होने बताया था कि मिर्गी का दौरा पड़ता था और एक हाथ से दिव्यांग था। क्षिप्रा की गहराई में समा चुके युवक की तलाश के लिये होमगार्ड की एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई थी। 3 बजे से 7.30 बजे तक सर्चिंग की



गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला था। सर्चिंग अभियान अंधेरा होने पर बंद कर दिया गया था। बुधवार सुबह एसडीआरएफ की टीम बनारस से वषार्काल के लिये आई 11 वीं बटालियन की एनडीआरएफ के सदस्य त्रिवेणी पुलिया पहुंचे और दोबारा से सर्चिंग शुरू की गई। शाम 4 बजे के लगभग डूबे युवक का शव बाहर निकाल लिया गया। जिसे तत्काल पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल भेजा गया, मामले में मर्ग कायम कर शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### दोपहर में परिजनों का फूटा गुस्सा

मंगलवार को डूबे राहुल की तलाश दूसरे दिन भी जारी थी, इस बीच 20 घंटे से अधिक का समय गुजर जाने पर राहुल का पता नहीं चला तो परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा, वह चक्काजाम करने पर अड़ गये। इंदौररोड पर उन्होने रास्ता रोकने का प्रयास किया, नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने परिजनों को जल्द राहुल को तलाशने का आश्वासन दिया और चक्काजमा के लिये अड़े परिजनों को धैर्य दिलाया।

### 30 सदस्यों की टीम लगी थी तलाश में

होमगार्ड प्लाटून कमांडर पुष्पेन्द्र त्यागी ने बताया कि मंगलवार को एसडीआरएफ टीम द्वारा सर्चिंग की गई थी। बुधवार को बनारस से आई एनडीआरएफ की टीम पर तलाशी अभियान में शामिल हुई। 30 सदस्यों की टीम ने सर्चिंग शुरू की थी। इस दौरान डीप डायर्वस भी नदी में उतरे। नदी में बारिश का पानी होने से अंदर मिट्टी-गाद जम चुकी थी, कुछ दिक्कते आई, लेकिन युवक को खोज निकाला।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com